RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 26 | अंक : 353 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 14 दिसंबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# संभल में 'बुल्डोजर एक्शन' मस्जिद में बिजली की चोरी

## अतिक्रमण हटाकर मंदिर खोला कई घरों में पकड़ी बिजली चोरी



**संभल ( एजेंसी )।** संभल हिंसा के बाद योगी सरकार ने संभल में एक्शन शुरू कर दिया है। संभल में शनिवार सुबह जामा मस्जिद क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। इस बीच बिजली चोरी के मामले भी सामने आए। संभल के जिला अधिकारी (डीएम) राजेंद्र पेंसिया ने बताया कि सुबह टीम मस्जिद क्षेत्र में लाउडस्पीकरों की जांच करने पहुंची थी। जांच के दौरान बिजली चोरी के कई मामले सामने आए। बताया कि 15-20 घरों और धार्मिक स्थलों में बिजली चोरी हो रही थी। जब टीम एक मस्जिद में पहुंची तो वहां 59 पंखे, एक फ्रिज, वॉशिंग मशीन और 25-30 लाइट प्वाइंट मिले। वहां का मीटर बंद था। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## 46 साल बाद मंदिर फिर खोला गया

नगर हिंदू सभा के संरक्षक विष्णु शरण रस्तोगी बताया कि 1978 के बाद मंदिर को फिर से खोला गया है। नगर हिंदू सभा के संरक्षक विष्णु शरण रस्तोगी ने बताया कि हम खग्गू सराय इलाके में रहते थे। हमारे पास पास में ही (खग्गू सराय इलाके में) एक घर है। 1978 के बाद हमने घर बेच दिया और जगह खाली कर दी। यह भगवान शिव का मंदिर है। हमने यह इलाका छोड़ दिया और हम इस मंदिर की देखभाल नहीं कर पाए। इस जगह पर कोई पुजारी नहीं रहता। 15-20 परिवार इस इलाके को छोड़ कर चले गए। हमने मंदिर को बंद कर दिया था क्योंकि पुजारी यहां नहीं रह सकते थे। पुजारी ने यहां रहने की हिम्मत नहीं की। मंदिर 1978 से बंद था और आज इसे खोल दिया गया है।



एडिशनल एसपी श्रीश चंद्र ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि कुछ लोगों ने मंदिर पर मकान बनाकर अतिक्रमण कर लिया था। मंदिर को साफ कर दिया गया है और मंदिर पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मंदिर में भगवान शिव और भगवान हनुमान की मूर्तियां हैं। इस इलाके में हिंदू परिवार रहते थे और कुछ कारणों से उन्होंने यह इलाका छोड़ दिया। मंदिर के पास एक प्राचीन कुएं की भी जानकारी है।

## अल्लू अर्जुन को जमानत, जेल

**हैदराबाद ( एजेंसी )।** साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन को तेलंगाना हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद आज (14 दिसंबर) सुबह हैदराबाद सेंट्रल जेल से रिहाई मिल गई। एक्टर के पिता अल्लू अरविंद और ससुर कंचरला चंद्रशेखर उन्हें रिसीव करने पहुंचे थे। अल्लू अर्जुन की रिहाई से उनके फैन्स बेहद खुश हैं. जेल से रिहा होने के बाद अल्लू अर्जुन परिवार के पास अपने घर पहुंच गए हैं। घर पहुंचने पर उन्होंने सभी फैन्स का उनके प्यार और सपोर्ट के लिए शुक्रिया अदा किया।



जेल से बाहर निकलने के बाद अल्लू अर्जुन ने मीडिया संग बातचीत की। उन्होंने कहा- चिंता की कोई बात नहीं है. मैं ठीक हूं। मैं कानून में यकीन रखता हूं. अदालत में यह केस चल रहा है तो मैं बीच में कमेंट नहीं करूंगा। मैं कानून का पालन करने वाला नागरिक हूं। मैं पुलिस के साथ सहयोग करूंगा.

पीड़ित परिवार के प्रति दुख जताते हुए एक्टर ने कहा- जिस महिला की जान गई है उनके परिवार के साथ मेरी संवेदना है. यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी. मैं परिवार को हर संभव तरीके से सहायता देने के लिए मौजूद रहूंगा और इस कठिन समय में उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करूंगा।

घटना के बारे में बात करते हुए अल्लू अर्जुन ने कहा कि यह अनजाने में हुआ था। एक्टर बोले- जब मैं एक फिल्म देखने गया था, तो अचानक वो घटना घटी। यह जानबूझकर नहीं किया गया था। पिछले 20 सालों से मैं फिल्में देखने के लिए सिनेमाघर जा रहा हूं। यह हमेशा एक सुखद अनुभव रहा है, लेकिन इस बार चीजों ने एक अलग मोड़ ले लिया।

# हर सेक्टरों में मिलेगा सस्ती दरों पर खाद्यान्न

## नैफैड की मोबाइल बैंक को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**नोएडा ( चेतना मंच )।** आज से हर सेक्टर में सस्ती दरों पर खाद्यान्न की आपूर्ति शुरू होगी। नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन आफ इंडिया (नैफेड) की मोबाइल वैन हर सेक्टर में घूमघूम कर खाद्यान्न बांटेगी। आज सेक्टर-51 के सामुदायिक केन्द्र में विधिवत इस मोबाइल वैन का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के मंत्री तथा गौतमबुद्धनगर जनपद के प्रभारी मंत्री कुंवर बृजेश सिंह, जिलाधिकारी मनीष वर्मा तथा नैफेड के प्रबंध निदेशक व नोएडा प्राधिकरण के पूर्व सीईओ व पूर्व डीएम दीपक अग्रवाल, एनपी सिंह (अध्यक्ष-डीडी आरडब्ल्यूए), संजीव कुमार (वरिष्ठ उपाध्यक्ष-डीडी आरडब्ल्यूए) राजीव कुमार एडवाइजर डीडीआरडब्लूए, अनिल प्रकाश रन्होत्रा अध्यक्ष सैक्टर 51, एके सरीन, अरविंद शर्मा, गणेश जाटव, श्रीमती गिरिजा सिंह, अनिता सिंह, अंजली सचदेवा, एमपी सिंह, ललित चौहान, विजय रतूडी, पुनीत शुक्ला, राजेश कुमार सहाय (सेक्रेटरी जनरल नोफा फेडरेशन), श्रीमती सुनीता जेटली, उमेश त्यागी, सुनील वाधवा, विजय सिंह, आदि समेत तमाम आर डब्ल्यू ए पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आज आठ मंडलों में अध्यक्ष के दावेदारों ने किये नामांकन

## हर मंडल से 3-3 नाम भेजे जाएंगे हाईकमान, 15 को होगी घोषणा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के चल रहे संगठनात्मक चुनावों की कड़ी में आज नोएडा महानगर में 8 मंडलों के लिए चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई है। सभी मंडलों में अध्यक्ष पद के दावेदारों ने अने फार्म भरकर चुनाव अधिकारियों को सौंपे दिये।

**किस मंडल के चुनाव कहां पर**

बता दें कि नोएडा में आठ मंडल हैं। आज आठों स्थानों पर चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल में नामांकन की प्रक्रिया सेक्टर-44 छलेरा बारातघर, कृष्णानगर मंडल के चुनाव सेक्टर-41 सामुदायिक केन्द्र, पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल के चुनाव सेक्टर-35 सामुदायिक केन्द्र, महाराणा प्रताप मंडल के सेक्टर-110 भंगेल के सामुदायिक केन्द्र में, शहीद भगत सिंह मंडल के चुनाव सेक्टर-71 सामुदायिक केन्द्र, अटलबिहारी वाजपेयी मंडल के सेक्टर-116 भाजपा नोएडा महानगर कार्यालय, सरस्वती शिशु मंडल के चुनाव सेक्टर-56 के बारातघर तथा सैनिक विहार मंडल के चुनाव सेक्टर-27 आरडब्ल्यूए कार्यालय में हो रहे हैं। इन मंडलों में बतौर चुनाव अधिकारी चुनाव कराने की जिम्मेदारी क्रमश: जिला उपाध्यक्ष, मनीश शर्मा, एसपी चमोली, नरेश शर्मा, जिला सचिव चमन अवाना, जिला उपाध्यक्ष महेश अवाना, कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा, उपाध्यक्ष युद्धवीर सिंह चौहान तथा महिला मोर्चा की अध्यक्ष शारदा चतुर्वेदी को सौंपी गयी है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# युवक की गला रेतकर हत्या, पत्नी लापता

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** कासना कोतवाली क्षेत्र के सिरसा गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। किराए के मकान में रह रहे युवक की सोते वक्त धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान बुलंदशहर निवासी बन्नी के रूप में हुई है। पुलिस जांच में पता चला है कि घटना के बाद से मृतक की पत्नी लापता है, उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। जिससे शक की सुई उसी पर जा रही है।

एसीपी अरविंद कुमार ने बताया कि बन्नी अपनी पत्नी के साथ सिरसा गांव में किराए के मकान में रह रहा था। शनिवार को डॉयल-112 पर हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुरुआती जांच में खुलासा हुआ है कि धारदार हथियार से गले पर वार कर हत्या की गई है।

पड़ोसियों के अनुसार, पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। पुलिस अब लापता पत्नी की तलाश कर रही है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। अधिकारियों ने दावा किया है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। इस घटना ने स्थानीय क्षेत्र में सनसनी फैला दी है, और लोग इसे लेकर कई तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।

# हनी ट्रैप गिरोह का पर्दाफाश, 5 गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** हनी ट्रैप में फंसा कर दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा दर्ज करने की धमकी देकर लोगों से रुपए ऐंठने वाले गिरोह का थाना फेस-2 पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दो युवतियों सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है इनके पास से एक क्रेटा कार, 70 हजार रुपए व मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

डीसीपी सेंट्रल ने बताया कि एक व्यक्ति ने थाना फेस-2 पुलिस से शिकायत की कि उसे हनी ट्रैप में फंसा कर उससे पैसों की मांग की जा रही है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जाल बिछा कर अंजलि, सोनिया, लालू यादव, अंकित व ललित को दबोच लिया। इनके पास से 70 हजार रुपए, क्रेटा कार, मोबाइल फोन आदि बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह लोगों को हनी ट्रैप में फंसा कर उनसे अवैध वसूली करते थे। गिरोह की सदस्य अंजली व सोनिया लोगों को पहले अपने प्यार के झूठे जाल में फंसाती थी और इसके बाद उनके आपत्तिजनक फोटो खींचने के बाद उन्हें ब्लैकमेल किया जाता था। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# मोबाइल टॉवरों से बैटरी सेल चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दादरी क्षेत्र के गढ़ी गांव में लगे मोबाइल टॉवर से चोरों ने 24 बैटरी सेल चोरी कर लिए। कंपनी के टेक्नीशियन ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-63 स्थित एसजी एनकॉन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत रविंद्र कुमार ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनकी कंपनी इंडस टॉवर के मोबाइल टॉवरों की देखभाल का काम करती है 12 दिसंबर को उन्हें सूचना मिली कि गढ़ी गांव में लगे टॉवर से सिग्नल कम आ रहे हैं। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंचे जांच के दौरान पता चला की साइट के मेन गेट पर लगा ताला टूटा हुआ था। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# पुलिस का कड़ा एक्शन, 30 बदमाशों पर गैंगस्टर

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** संगठित गिरोह बनाकर आपराधिक वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों के खिलाफ कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस ने कार्रवाई की है। तीन अलग-अलग थाना क्षेत्र की पुलिस ने 30 बदमाशों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

थाना ईकोटेक वन प्रभारी अनुज कुमार ने बताया कि सतीश उर्फ सत्ते, नागेश, बबली, इंद्र उर्फ इंदर, दीपक, विजयपाल अमित, निंदर उर्फ नरेंद्र, देवेंद्र, पम्मी, संजय, रवि उर्फ माती, रिंकू, राहुल, राजेश, रोहित, श्याम सिंह उर्फ पोले, टीकू व धनंजय के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी संगठित गैंग बनाकर यमुना नदी के खादर में अवैध रूप से खनन का काम करते हैं। उनके खिलाफ विभिन्न स्थानों में मुकदमे पंजीकृत हैं आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए लोक संपत्ति तटबंध को नुकसान पहुंचाया। तटबंध के कट जाने की वजह से बीते वर्ष आई बाढ़ से आम जन मानस प्रभावित हुआ था।

थाना बीटा-2 प्रभारी विद्युत गोयल ने बताया कि निखिल, लोकेश, रोहित, सोनू उर्फ सोहन पाल, सुकेश, राजू, कपिल उर्फ गब्बर, गौरव जीत लहरी के खिलाफ गैंगस्टर कार्रवाई की गई है। गैंगस्टर में निरूद्ध किए गए आरोपी हथियारों के बल पर लूट की घटनाओं को अंजाम देते हैं। आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में कई मुकदमे पंजीकृत हैं। पुलिस ने बीते दिनों गिरोह के सदस्यों को तमंचा कारतूस व अन्य चोरी के समान के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। थाना सूरजपुर प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने चार बदमाशों को गैंगस्टर एक्ट में निरोध किया गया है। गैंगस्टर में निरूद्ध किए गए बदमाश रजनीकांत, विनय आदित्य पाल के खिलाफ कई मुकदमा पंजीकृत हैं।

## एमएसएमई अध्यक्ष सुरेन्द्र नाहटा को गौरव सम्मान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उद्योगों के विकास में उनके असाधारण योगदान के लिए एमएसएमई के अध्यक्ष, उद्यमी व समाजसेवी सुरेन्द्र सिंह नाहटा को गौरव रत्न सम्मान से नवाजा गया है। यह पुरस्कार श्री नाहटा के विकास शील कार्यों के लिए किए गए अथक प्रयासों का प्रमाण है।



इस मौके पर उद्यमियों व शहर के समाजसेवियों ने श्री नाहटा को बधाई दी। मालूम हो कि सुरेन्द्र सिंह नाहटा प्रमुख उद्यमी के अलावा एमएसएमई के अध्यक्ष भी हैं। वे समाजसेवा में भी काफी सक्रिय हैं।

# शंभू बॉर्डर से आगे बढ़े किसान, भारी तनाव

## अंबाला के 12 गांवों में इंटरनेट बंद, किसानों पर पानी की बौछार

**अंबाला ( एजेंसी )।** शंभू बॉर्डर (हरियाणा-पंजाब बॉर्डर) पर आज एक बार फिर संग्राम छिड़ सकता है। किसान शंभू बॉर्डर से दिल्ली जाने पर अड़े हुए हैं। 101 किसानों का जत्था दिल्ली कूच करने जा रहा है। इस बीच हरियाणा सरकार ने अंबाला के कुछ इलाकों में इंटरनेट सेवा बंद करने के आदेश दिए हैं। आज से 17 दिसंबर (रात 12 बजे) तक इंटरनेट बंद रहेगा।



शंभू बॉर्डर से दिल्ली के लिए किसानों के विरोध मार्च के फिर से शुरू होने से कुछ घंटे पहले, हरियाणा सरकार ने शनिवार को 'सार्वजनिक शांति' बनाए रखने। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# ....ताकि कड़ाके की ठंड में कोई फुटपाथों पर ठिठुरता न दिखे !

## नगर मजिस्ट्रेट ने रात में फुटपाथ पर सोये लोगों को रैनबसेरा शिफ्ट करवाया

**नोएडा ( चेतना मंच )।** 2-3 दिनों से चल रही शीत लहरी व कड़ाके की ठंड से सड़कों पर कोई ठिठुरता न मिले। इसका जायजा करने के लिए नगर मजिस्ट्रेट विवेकानंद मिश्रा रात में शहर का जायजा लेने निकले। उन्होंने जहां-जहां सड़कों पर लोगों को ठिठुरते पाया उन्हें तत्काल रैनवसेरों में शिफ्ट कराया। नगर मजिस्ट्रेट की इस पहल की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है।

नगर मजिस्ट्रेट नोएडा विवेकानंद मिश्रा ने नोएडा में रात्रि कालीन भ्रमण के दौरान रैन बसेरों में पहुंचकर वहां पर प्रवास कर रहे लोगों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया, उन्होंने पाया कि रैन बसेरों में प्रवास कर रहे लोगों को सभी सुविधाएं मानकों के अनुरूप प्राप्त हो रही हैं। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट नोएडा ने भ्रमण करते हुए सड़क किनारे फुटपाथ पर सो रहे लोगों को रैन बसेरों में शिफ्ट कराया और उनको बताया कि जिला प्रशासन की ओर से जनपद में रैन बसेरे बनाए गए हैं, (शेष पृष्ठ-4 पर)



# लालफीताशाही से छुट्टी

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ ने अपने खाताधारकों को अगले साल से सीधे एटीएम से पैसा निकालने की सुविधा देने का फैसला किया है। अब तक विभागीय जटिल प्रक्रिया व लालफीताशाही के चलते कर्मचारियों को जरूरत पड़ने पर अपना ही पैसा निकालने के लिये दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे। कुल मिलाकर धन निकासी में विभागीय हस्तक्षेप कम करने का प्रयास किया गया है। निश्चित रूप से श्रम मंत्रालय की यह पहल सामाजिक सुरक्षा को सरल बनाने की दिशा में एक बड़ा बदलावकारी कदम है। यह कदम दक्षता सुधार व कर्मचारियों की अपने पैसे तक पहुंच बढ़ाने के लिये सार्वजनिक सेवा के साथ प्रौद्योगिकी के एकीकरण का अच्छा उदाहरण है। दरअसल, फिलहाल ईपीएफओ की निकासी प्रक्रिया में देरी के कारण खाताधारकों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। काफी समय के बाद जरूरतमंदों के खाते तक जरूरी राशि पहुंच पाती है। निश्चय ही पीएफ निकासी कार्ड का उद्देश्य उस लालफीताशाही को दूर करना है, जिसके चलते कर्मचारियों को पैसा समय पर मिल पाएगा। वैसे कुल राशि का पचास फीसदी निकासी सीमा तय करना, वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने तथा दीर्घकालीन बचत सुरक्षा को बढ़ावा देना वाला कदम ही है। इसके अलावा भी ईपीएफओ अपने व्यापक एजेंडे के साथ आगे बढ़ रहा है, जिसमें योगदान की सीमा बढ़ाना, भविष्य निधि बचत को पेंशन के रूप में परिवर्तित करना भी शामिल है। निश्चित रूप से यह पहल सामाजिक सुरक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को ही उजागर करती है। जिसका मकसद अपने कार्यबल के लिये डिजिटलीकरण को बढ़ाना तथा जीवनयापन को आसान बनाना भी है। यह सुखद ही है कि वर्ष 2017 के बाद ईपीएफओ के सत्तर मिलियन सदस्य बढ़े हैं। उल्लेखनीय है कि इस नई सुविधा के लिये संगठन ने अपने खाताधारकों को एक विशेष पीएफ कार्ड देने का निर्णय लिया है। जो बैंक के एटीएम कार्ड की तरह काम करेगा। बहरहाल, खाताधारक अगले साल जनवरी से अपने कार्ड के जरिये अपने खातों से सीधा पैसा निकाल सकेंगे। निस्संदेह, अब खाताधारकों के लिये पीएफ क्लेम करना और आसान हो जाएगा। वहीं एटीएम से पैसा निकालने की सुविधा के बाद इसमें मानवीय हस्तक्षेप हो जाएगा। लेकिन एक बार में खाताधारक पीएफ बैलेंस का अधिकतम पचास फीसदी धन ही निकाल पाएंगे। विभाग का कहना है कि आईटी सिस्टम को उन्नत किया जा रहा है ताकि क्लेम प्रक्रिया को आसान व तेज बनाया जा सके। अब खाताधारकों को ईपीएफओ ऑफिस जाने अथवा लंबी प्रक्रिया से गुजरने की जरूरत नहीं होगी। उपभोक्ता चौबीस घंटे, यहां तक कि छुट्टियों में भी पैसा निकाल सकेंगे। जिससे आपातकालीन जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा। हालांकि, फिलहाल भी विशेष परिस्थितियों मसलन घर खरीदने, बच्चों की पढ़ाई, शादी व बीमारी पर एक निश्चित रकम निकालने का प्रावधान है। उसमें भी नौकरी की कार्यावधि तथा धन की निर्धारित रकम तक की सुविधा ही शामिल है। ऐसे ही सेवानिवृत्ति से कुछ समय पहले तक एक बड़ी रकम निकालने की सुविधा भी शामिल है। दरअसल, केंद्र सरकार अपने सामाजिक दायित्व को विस्तार देने के क्रम में कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर काम कर रही है। जिसमें सरकार गिग व प्लेटफॉर्म वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा देने के मकसद से इन कामगारों को चिकित्सा संरक्षण, डिसएबिलिटी सपोर्ट और पीएफ सुविधाएं देना शामिल है। फिलहाल इन्हें परंपरागत कर्मचारी व्यवस्था के लाभ नहीं मिल रहे हैं। इस तरह ईपीएफओ अपने सक्रिय सदस्यों की सुविधाओं को आधुनिक बनाने की दिशा में बढ़ी है। मकसद यही है कि उन्हें अधिक सुविधाएं दे सके। निश्चित रूप से हमारे श्रम बाजार को औपचारिक बनाने, भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने तथा सामाजिक सुरक्षा के मद्देनजर इस कार्यबल को मेडिकल कवर व वित्तीय सहायता देना न्यायसंगत ही होगा। सरकार की पहल प्रौद्योगिकी संचालित सामाजिक कल्याण ढांचे में बदलाव की ओर संकेत देती है। इससे व्यवस्था परिचालन की विसंगतियों को दूर करते हुए नागरिक केंद्रित सेवाओं में सुधार के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का भी पता चलता है। निश्चित रूप से यह कदम कर्मियों के कल्याण के मद्देनजर समानता व सुविधा के साथ सार्वजनिक संस्थानों के प्रति भरोसा बढ़ाने वाला भी है।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि हे तात! अग्नि का तो यह सहज स्वभाव ही है कि पाला उसके समीप कभी जा ही नहीं सकता और जाने पर वह अवश्य नष्ट हो जाएगा। महादेवजी और कामदेव के संबंध में भी यही न्याय ( बात ) समझना चाहिए॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0-हियँ हरषे मुनि बचन सुनि देखि प्रीति बिस्वास।**
**चले भवानिहि नाइ सिर गए हिमाचल पास॥**

पार्वती के वचन सुनकर और उनका प्रेम तथा विश्वास देखकर मुनि हृदय में बड़े प्रसन्न हुए। वे भवानी को सिर नवाकर चल दिए और हिमाचल के पास पहुँचे॥

**सबु प्रसंगु गिरिपतिहि सुनावा। मदन दहन सुनि अति दुखु पावा॥**
**बहुरि कहेउ रति कर बरदाना। सुनि हिमवंत बहुत सुखु माना॥**

उन्होंने पर्वतराज हिमाचल को सब हाल सुनाया। कामदेव का भस्म होना सुनकर हिमाचल बहुत दु:खी हुए। फिर मुनियों ने रति के वरदान की बात कही, उसे सुनकर हिमवान ने बहुत सुख माना॥

**हृदयँ बिचारि संभु प्रभुताई। सादर मुनिबर लिए बोलाई।**
**सुदिनु सुनखतु सुघरी सोचाई। बेगि बेदबिधि लगन धराई॥**

शिवजी के प्रभाव को मन में विचार कर हिमाचल ने श्रेष्ठ मुनियों को आदरपूर्वक बुला लिया और उनसे शुभ दिन, शुभ नक्षत्र और शुभ घड़ी शोधवाकर वेद की विधि के अनुसार शीघ्र ही लग्न निश्चय कराकर लिखवा लिया॥

(क्रमश:..)

# दिल्ली की चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा?

दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए फरवरी 2025 या उससे पहले चुनाव होने की संभावनाओं को देखते हुए राजनीतिक हलचलें एवं सरगर्मियां उग्र हो गयी है। इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने की तैयारी में जुट गई है। वहीं, भाजपा और कांग्रेस इस बार सत्ता में वापसी की तैयारी में जुटी है। भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव दूसरे प्रांतों की ही भांति बिना किसी मुख्यमंत्री चेहरे के लड़ने का मन बना चुकी है और केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी का मानना है कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से प्रभावित हो सकते हैं। दिल्ली में भाजपा के पास एक से एक मजबूत नेता हैं, लेकिन इनमें से कोई भी नेता मुख्यमंत्री के रूप में पार्टी के लिए पेश नहीं किया जा रहा है। भाजपा दिल्ली में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए नए तरीके से चुनावी तैयारियों में जुट चुकी है, वही कांग्रेस अपनी खोयी जमीन को हासिल करने के लिये जद्दोजहद करती हुई दिखाई दे रही है। निश्चित ही इस बार का दिल्ली चुनाव आक्रामक एवं संघर्षपूर्ण त्रिकोणात्मक होगा। आप, कांग्रेस एवं भाजपा की चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा, यह भविष्य के गर्भ है।

दिल्ली में भाजपा के लिए यह चुनाव चुनौतीपूर्ण होने के साथ संघर्षपूर्ण भी है। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में, जहां पार्टी को शानदार प्रदर्शन की उम्मीद थी, उसे आम आदमी पार्टी से हार का सामना करना पड़ा। तब भाजपा को दिल्ली में मुख्यमंत्री का चेहरा प्रस्तुत करने से कोई बड़ा लाभ नहीं हुआ। इसके बजाए, भाजपा अब चुनावी रणनीतियों में बदलाव कर रही है और अपनी शक्ति को पार्टी संगठन और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनकी लोककल्याणकारी योजनाओं के बल पर मजबूत करने का प्रयास कर रही है। यही कारण है कि दिल्ली भाजपा आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में केंद्र सरकार के काम और योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि दिल्ली के लोग इससे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं, खासकर जब बात विकास, सुरक्षा, चिकित्सा और शिक्षा जैसे मुद्दों की हो। अगर भाजपा बिना किसी प्रमुख चेहरे के चुनाव लड़ती है तो यह असमंजस की स्थिति बनने की संभावनाएं तो पैदा कर ही सकती हैं। दूसरी ओर, यह फैसला एक रणनीतिक कदम हो सकता है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिष्ठा का इस्तेमाल करके अन्य प्रांतों की भांति दिल्ली में भी चमत्कार घटित हो सकता है।

भाजपा ने यह भी तय किया है कि दिल्ली की जनता को बताया जाएगा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उनके साथ वादाखिलाफी की है, वे बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और सड़कों की स्थिति में सुधार का वादा करके उन्हें जर्जर करते रहे हैं। भाजपा का मानना है कि मोदी सरकार की योजनाएं देशभर में सफलता प्राप्त कर रही हैं और इन्हें दिल्ली में लागू किया जाएगा। भाजपा को दिल्ली




*दिल्ली में भाजपा के लिए यह चुनाव चुनौतीपूर्ण होने के साथ संघर्षपूर्ण भी है। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में, जहां पार्टी को शानदार प्रदर्शन की उम्मीद थी, उसे आम आदमी पार्टी से हार का सामना करना पड़ा।*

में हमेशा मिडिल और हाई मिडिल क्लास के लोगों की पार्टी माना जाता है। इसमें व्यापारिक समुदाय इसके कट्टर समर्थक हैं। लेकिन इस बार निचले तबको एवं गरीब लोगों के बीच उसे प्रभावी प्रयास करने होंगे। यह तो दिखता हुआ सच है कि दिल्ली में आप शासन में विकास अवरूद्ध हुआ है, पर्यावरण की समस्या उग्रतर हुई है, आप नेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे एवं उनके नेता जेल यात्राएं की है। ऐसे अनेक गंभीर आरोपों के साथ भाजपा आप और उसके नेताओं पर आक्रमक होकर चुनावी परिदृश्यों को बदल सकती है।

भाजपा ने कमर कस ली है और उसके नेता लगातार जनता के बीच जाकर बदलाव की अपील कर रहे है। इसके तहत इन दिनों जहां परिवर्तन सभाओं का आयोजन किया जा रहा है, वहीं अगले हफ्ते से पूरी दिल्ली में परिवर्तन यात्राएं भी निकाली जाएंगी। इन यात्राओं के माध्यम से आम मतदाताओं से निजी तौर पर मिलते हुए, उनसे बात करते हुए उनको पार्टी के साथ जोड़ा जायेगा। उनके दु:ख-दर्द को सुना जायेगा। भाजपा का इतिहास रहा है कि वह आम जन तक पहुंचने के लिए ऐसी यात्राएं निकालती रही है एवं व्यक्तिगत संवाद स्थापित करती रही है। भाजपा नेता सतीश उपाध्याय ने कहा कि दिल्ली में एक भ्रष्ट सरकार चल रही है लेकिन अब तो रंगदारी, वसूली, फिरौती और आम नागरिकों के बीच डर पैदा करने की भी कोशिश की जा रही है। इसके चलते दिल्ली की जनता अब सत्ता परिवर्तन के मूड में है और देशविरोधी मानसिकता वाली सरकार को इस बार विधानसभा से उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। देखना है कि भाजपा के इन आरोपों का जनता पर कितना असर होता है।

निश्चित ही दिल्ली में आम आदमी पार्टी की जमीन अभी भी मजबूत है। इसीलिये 2025 के चुनाव कांग्रेस एवं भाजपा के लिये चुनौतीपूर्ण होने वाले है। 2020 में हुआ विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 62 सीटें जीती थीं। वहीं भाजपा को महज 8 सीटों पर जीत मिली थी। कांग्रेस का लगातार दूसरी बार दिल्ली से सफाया हो गया था। इस बार के चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल ने अपने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उसके बाद आतिशी मार्लेना राज्य की मुख्यमंत्री बनी हैं। आप नेताओं ने चुनाव अभियान प्रारंभ कर दिया है। दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन न करने का फैसला किया है। आप ने पिछले दो विधानसभा चुनावों में भारी अंतर से जीत हासिल की है। आप के आंतरिक सर्वेक्षण बताते हैं कि आप इस चुनाव में भी आसानी से जीत की ओर बढ़ रही हैं। इन स्थितियों में आप क्यों कांग्रेस या अन्य पार्टी के साथ गठबंधन करें? आप अभी भी निम्न-मध्यम वर्ग और झुग्गी-झोपड़ियों वाले इलाकों में काफी लोकप्रिय है।

आप का वोट शेयर पहले की तुलना में बढ़ा है और कांग्रेस कमजोर हुई है। हालांकि, 2013 में अपने पहले चुनाव के बाद से आप का वोट शेयर लगातार बढ़ता रहा। जबकि पिछले दशक में कांग्रेस को वोट देने वालों की संख्या में काफी कमी आई है। आप ने 2013 में अपने आश्चर्यजनक प्रदर्शन के साथ, कुल मतदान का 29 प्रतिशत वोट प्राप्त किया था। पार्टी को 70 में से 28 सीटों पर जीत मिली थी। आप ने कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगाई थी। इससे कांग्रेस का वोट शेयर घटकर 24.5 प्रतिशत और सिर्फ आठ सीटों के साथ तीसरे स्थान पर आ गई थी। इसके बाद 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का वोट शेयर क्रमश: 9.7 प्रतिशत और 4.3 प्रतिशत तक गिर गया। वहीं, आप ने 54.6 प्रतिशत और 53.6 प्रतिशत वोट शेयर के साथ भारी जनादेश हासिल किया। लेकिन इस बार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एवं आप के बीच गठबंधन न होने का फायदा भाजपा को मिलता हुआ दिख रहा है। असल में आप के वोट कांग्रेस ही काटेगी।

कांग्रेस एक पुरानी राजनीतिक पार्टी है, जिसका दिल्ली में व्यापक जनाधार रहा है। लेकिन वह 'जीत' और 'गठबंधन' की मृगमरीचिका में भटकती रही है, अपनी स्वतंत्र पहचान को खोती रही है। आखिर कमजोर सियासी बैशाखियों के सहारे वह कैसे जीत को सुनिश्चित कर सकती है? कांग्रेस की एक ओर बड़ी विडम्बना है कि वह जरूरी मुद्दों को उठाने की बजाय मोदी-विरोध का ही राग अलापती रही है। मुद्दों के बियाबान में भटकती और फिर स्टैंड बदलती नजर आती है तो इसके केन्द्रीय नेतृत्व एवं रणनीतिकारों पर तरस आती है। जबकि कांग्रेस के जमीनी नेताओं के पास रणनीति और जनाधार दोनों है, इसलिए उसके जमीनी नेता व्यक्तिवादी मिशन में सफल रहे, लेकिन कांग्रेस दिन ब दिन डूबती चली गई। राजनीतिक परिस्थिति वश कभी दो डग आगे तो चार कदम पीछे चलने को अभिशप्त हो गई। इन स्थितियों में दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस कोई करिश्मा या चमत्कार कर पायेगी, इसमें संदेह ही है।

**- ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

# सपा की हार के बाद अब आजम की नाराजगी

जेल जाने से पहले तक समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री आजम खान की गिनती यूपी के बड़े मुस्लिम नेताओं के रूप में होती थी। मुलायम सिंह के वह सबसे खास हुआ करते थे। आजम के सहारे ही मुलायम सिंह मुस्लिम वोटरों को लुभाते थे। खासकर पश्चिमी यूपी में तो सपा के लिये आजम की राह पर चलना ही सबसे आसान तरीका समझा जाता था। सत्ता में रहते अखिलेश ने भी आजम को महत्व दिया, लेकिन योगी सरकार के आने के बाद आजम खान पर जब मुसीबतों का पहाड़ टूटा तो अखिलेश ने आजम को एक तरह से अकेला ही छोड दिया। जब तमाम नेता आजम से मिलने जेल पहुच जाया करते थे तब अखिलेश के मन में सीतापुर जेल में बंद अपने इस मुस्लिम नेता के प्रति वफादारी का भाव नहीं दिखा। यहां तक की अखिलेश द्वारा आजम के गृह जिला रामपुर के बारे में भी सियासी फैसले में उन्हें अनदेखा किया जाने लगा। इतना सब होते हुए भी आजम ने अखिलेश के खिलाफ कभी सार्वजनिक मंच से कोई बयान तो नहीं दिया,लेकिन दोनों नेताओं के बीच दूरियां सबको दिखने लगी थीं। जिस तरह से रामपुर में लोकसभा का टिकट आजम की बिना मर्जी के दिया गया और संभल के सांसद पर एफआईआर को सपा ने प्रमुखता दी, उससे कहीं न कहीं आजम का सब्र जबाव दे गया। क्योंकि अखिलेश की अनदेखी ने आजम के गृह जनपद रामपुर के साथ-साथ पश्चिमी यूपी में उनके सियासी अस्तित्व पर संकट खड़ा कर दिया है।उत्तर प्रदेश की नौ विधान सभा सीटों पर हुए उपचुनाव में जिस तरह से समाजवादी पार्टी को मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर हार का सामना करना पड़ा था,उसके बाद आजम की नाराजगी सपा प्रमुख के लिये मुसीबत का सबब बन सकता है।

मुसलमानों को बीच अपनी सियासी जमीन खिसकती देख आजम ने अब दबाव की राजनीति शुरू कर दी है। कहा जा रहा है कि यदि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जेल में बंद अपने इस नेता को महत्व नहीं दिया तो अब आजम खान नई राह भी पकड़ सकते हैं, लेकिन आजम के लिये अलग होने की राह इतनी आसान नहीं है। क्योंकि इस बढ़बोले नेता को कोई बड़ी पार्टी अपने साथ नहीं लेना चाहती है। वैसे भी संभल पर सपा और कांग्रेस के बीच सियासी दरार पड़ती नजर आ रही है तो जेल में सजा काट रहे आजम खां ने इंडिया गठबंधन को कठघरे में खड़ा कर दिया है। रामपुर के सपा जिला अध्यक्ष अजय सागर ने आजम के सियासी संदेश को पत्र के जरिये लोगों के सामने रखा है। आजम के हवाले से पत्र में इंडिया गठबंधन पर मुस्लिमों की अनदेखी का आरोप लगाया गया है। कहा है कि मुसलमानों पर इंडिया गठबंधन को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी होगी, अन्यथा मुस्लिमों को भविष्य पर विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। आजम ने यह भी कहा कि रामपुर में हुए जुल्म और बर्बादी का मुद्दा संसद में उतनी ही मजबूती से उठाया जाना चाहिए, जितना संभल का मुद्दा उठाया गया। रामपुर के जुल्म और बर्बादी पर इंडिया गठबंधन खामोशी तमाशाई बना रहा और मुस्लिम लीडरशिप को मिटाने का काम करता रहा।

बता दें कि लोकसभा चुनाव में आजम चाहते थे कि रामपुर से खुद अखिलेश यादव चुनाव लड़ें। आजम वहां किसी मुस्लिम नेता को पैर जमाने देना बिल्कुल भी नहीं चाहते थे लेकिन सपा ने वहां से मोहिब्बुल्लाह को टिकट दिया और वे जीत भी गए। सपा सूत्र बताते हैं कि रामपुर के लोकसभा टिकट ने आजम की सपा नेतृत्व से दूरियां बढ़ाईं। आजम को यह भी महसूस हो रहा है कि उनके मामले को सड़क से संसद तक उतनी प्रमुखता से नहीं उठाया गया, जितनी संभल के प्रकरण को तरजीह दी गई। बहराल, यूपी में बीजेपी के सत्ता में आने के बाद ही आजम खान पर सियासी ग्रहण छाया हुआ है। आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान जेल में नहीं बल्कि सजा होने के चलते अपनी-अपनी सदस्यता भी गंवा चुके हैं। इसके अलावा उपचुनाव में रामपुर और स्वार टांडा सीट भी आजम परिवार के पकड़ से बाहर निकल चुकी है। आजम खान के समर्थकों को भी लगता है कि सपा और अखिलेश यादव ने उनकी लड़ाई को मजबूती से नहीं लड़ा। इसके अलावा आजम खान की मर्जी के बगैर रामपुर लोकसभा सीट से अखिलेश यादव ने प्रत्याशी उतारा था, जितने जीत के बाद से आजम खान पर ही निशाना साधा था। जबकि जेल में बंद आजम खान से लोकसभा चुनाव के बाद से सपा का कोई बड़ा नेता मिलने नहीं गया। कुंदरकी में उपचुनाव के दौरान अखिलेश यादव ने जरूर रामपुर में आजम खान के परिवार से मुलाकात की थी, लेकिन जिस तरह आजम ने संभल के बहाने रामपुर और मुस्लिम सियासत को लेकर सवाल खड़े किए हैं, उसके चलते माना जा रहा है कि यूपी की सियासत में कोई नई खिचड़ी पक रही है।

सबसे खास यह है कि अखिलेश यादव अपने इस मुस्लिम नेता को वैसे नहीं 'पचा' पा रहे हैं जैसे उनको नेताजी मुलायम सिंह यादव हैंडिल कर लिया करते थे। यह सच है कि कई बार आजम और मुलायम के रिश्ते की खटास देखने को मिल जाती थी, लेकिन दोनों एक दूसरे के खिलाफ सार्वजनिक मंच से कुछ नहीं कहते थे। मगर सपा के मौजूद नेतृत्व और आजम के बीच कई बार नाराजगी की खबर सामने आई है। आजम कहा भी करते हैं कि सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव रिश्तों को निभाना काफी अच्छी तरह जानते थे। यही कारण था कि चाहे बेनी प्रसाद वर्मा हों या आजम खान, टकराव के बाद जब वे पार्टी से अलग हुए तो उन्होंने मुलायम के खिलाफ खूब कड़वी बात की। हालांकि, मुलायम ने कभी भी इन नेताओं के खिलाफ कोई बड़ा बयान नहीं दिया। आजम खान समर्थकों की ओर से अब अल्पसंख्यक हितों के मामले में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की चुप्पी पर सवाल गहराने लगे हैं। यूपी चुनाव 2022 के दौरान जब सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि अखिलेश नहीं चाहते, आजम खान जेल से बाहर आएं। इस पर आजम समर्थकों ने सहमति जाहिर की थी। यूपी में 2017 में सत्ता परिवर्तन के साथ आजम के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई थी। लेकिन, अखिलेश यादव ने कभी भी उनके खिलाफ हुई कार्रवाई का खुलकर विरोध नहीं किया।


गौरतलब हो, उत्तर प्रदेश में मुस्लिम समुदाय सपा का कोर वोटबैंक माना जाता है, लेकिन उस पर नजर कांग्रेस से लेकर चंद्रशेखर आजाद तक की है। मुस्लिम मतों के सहारे ही चंद्रशेखर आजाद नगीना सीट पर जीत दर्ज करने में कामयाब रहे हैं, जिसके बाद से उनकी नजर दलित-मुस्लिम समीकरण बनाने की है। इसी मद्देनजर चंद्रशेखर आजम खान से लेकर मौलाना अरशद मदनी और मुस्लिम उलेमाओं व नेताओं के साथ अपनी सियासी केमिस्ट्री बनाने में जुटे हैं। ऐसे में आजम खान का संभल के बहाने मुस्लिम सियासत का मुद्दा उठाया है, उससे सपा की सियासी बेचैनी बढ़नी लाजमी है। आजम ने यदि अखिलेश से दूरी बना ली तो सपा के मुस्लिम वोट बैंक पर भी इसका असर पड़ सकता है। क्योंकि आज भी आजम की आवाज मुसलमानों के बीच गंभीरता से सुनी-समझी जाती है।

**- अजय कुमार**


# राशिफल

**मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष : चतुर्दशी**

**(विक्रम संवत् 2081)**




**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
भाग्यवश कुछ काम बनेंगे। क्रोध में आकर कोई निर्णय मत लीजिएगा। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें।



**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
परिस्थितियों प्रतिकूल हैं। थोड़ा बचकर पार करें। चोट-चपेट लग सकती है। वाहन धीरे चलाएं या कोई रिस्क न लें।




**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
आनंददायक जीवन बिताएंगे। स्वास्थ्य बहुत अच्छा है। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात संभव है।




**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान अच्छा रहेगा। व्यापार अच्छा रहेगा। बुजुर्गों का साथ होगा। गुण ज्ञान की प्राप्ति होगी।




**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
भौतिक सुख सुविधा में वृद्धि भी होगी। घरेलू सुख बाधित होगा लेकिन घरेलू समारोह में वृद्धि भी होगी।




**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा। एक बड़ी अच्छी व्यापारिक एनर्जी आप में बनी रहेगी।



**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान का साथ।



**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
धनार्जन होगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। निवेश अभी वर्जित रहेगा। स्वास्थ्य ठीक है। प्रेम, संतान मध्यम है।



**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
ऊर्जावान बने रहेंगे। जरूरत के हिसाब से वस्तुएं जीवन में उपलब्ध होंगी। स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम संतान मध्यम।



**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन होगा। मन परेशान रहेगा। खर्च की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य नरम गरम।



**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। पुराने स्रोत से भी पैसे आएंगे। यात्रा का योग बनेगा।



**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
कोर्ट कचहरी में विजय मिलेगी। व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। पिता का साथ होगा। स्वास्थ्य ठीक-ठाक।

# महर्षिनगर में छठे दिन श्रीकृष्ण की दिव्य लीला का प्रसंग सुनाया

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-110 स्थित महर्षि महेश योगी संस्थान के रामलीला परिसर में महर्षि महेश योगी की दिव्य कृपा से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन विश्व विख्यात अंतरराष्ट्रीय कथा वाचिका पूज्य गुरु मां गौरंगी गौरी जी ने परम पूज्य महर्षि जी के भावातीत ध्यान और वेदो का प्रचार पुरे विश्व मे किया जो महर्षि जी ने किया वह आज तक कोई भी संत महात्मा नही कर पाये पूज्य महर्षि जी को बारम्बार प्रणाम करती हुं येसा संत योगी भूतो न भविष्य नहीं होगा ।



इस अवसर पर महर्षि महेश योगी संस्थान के अध्यक्ष एवं महर्षि विश्व विद्यालय के कुलाधिपति अजय प्रकाश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राहुल भरद्वाज, अशोक श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति भी रही।

आयोजन समिति के संयोजक रामेंद्र सचान, यादवेंद्र यादव, शिशिरकांत श्रीवास्तव, विनीत श्रीवास्तव, दयाशंकर गुप्ता, गिरीश अग्निहोत्री, ललन पाठक, शिशुपाल सिंह यादव, श्रीकांत ओझा, विनोद श्रीवास्तव, संजय सिन्हा, एसपी गर्ग, राजेश मिश्रा राजेंद्र शुक्ला,राजेंद्र खंत्वाल, कमलेश यादव, राजेश मिश्रा आदि सहित अन्य पदाधिकारी गण और लाखों सनातन धर्म प्रेमी मौजूद थे।

# अनुसूचित जाति उपयोजना के तहत कृषक सम्मान समारोह आयोजित

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, गौतमबुद्धनगर पर राष्ट्रीय पादप जैव प्रौद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली द्वारा अनुसूचित जाति उप योजना के द्वारा वित्त पोषित कृषक प्रशिक्षण एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जनपद के विभिन्न ग्रामों के 280 से अधिक किसान तथा कृषक महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य रबी फसलों तथा जैविक खेती में रोग तथा कीट प्रबंधन की तकनीकी जानकारी के माध्यम से अधिक उत्पादन तथा आय में वृद्धि सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर डॉ ऋतु राय, प्रधान वैज्ञानिक द्वारा राष्ट्रीय पादप जैव प्रौद्योगिकी संस्थान के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई तथा कृषक महिलाओं को उद्यमिता से स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रोत्साहित किया। कृषि विज्ञान केंद्र, गौतमबुद्धनगर के प्रभारी अधिकारी डॉ विपिन कुमार द्वारा सभी कृषकों एवं आगंतुकों का स्वागत किया गया तथा केंद्र के द्वारा किए जा रहे कार्यों का संक्षिप्त विवरण दिया गया।

इस अवसर पर डॉ आशीष गुप्ता, डॉ कनिका, डॉ सुबोध सिन्हा, डॉ रेशु सिंह, डॉ लक्ष्मीकांत, डॉ विनीता सिंह, डॉ सुनील प्रजापति, डॉ बोनिका पंत, अंबा प्रकाश, कुंवर घनश्याम एवं राजीव सिरोही द्वारा विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान प्रमुख व्यावसायिक रबी फसल, समन्वित कीट प्रबंधन, सरसों का उत्पादन एवं प्रबंधन, गेहूं की वैज्ञानिक खेती, बीज उत्पादन, महिला उद्यमिता, मिश्रित मत्स्य पालन, जैविक खेती तथा सब्जी उत्पादन पर चर्चा की गई।



गोष्ठी में नरसीना कृषक उत्पादक संगठन, बुलंदशहर के डायरेक्टर प्रवीण कुमार ने भी अपने अनुभव कृषकों के साथ साझा किए तथा गोमूत्र से बनाए जा रहे विभिन्न कृषि निवेशों की जानकारी दी। इस अवसर पर जैविक खेती, कृषि विविधीकरण, महिला सशक्तिकरण, मत्स्य पालन तथा प्रसंस्करण के क्षेत्र में कार्य कर रहे जनपद के प्रगतिशील कृषक एवं कृषक महिलाओं को सम्मान प्रतीक देकर प्रोत्साहन दिया गया। अंगीकृत गांव नई बस्ती निवासी प्रगतिशील कृषक श्री तेज पाल सिंह द्वारा अपने सफलता की कहानी को मंच से साझा किया गया। कार्यक्रम के दौरान कृषकों को रबी फसल हेतु कृषि निवेशों एवं सब्जी बीज कीट निःशुल्क प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ बोनिका पंत द्वारा किया गया तथा अंत में डॉ विनीता सिंह द्वारा सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# नोएडा स्टेडियम : शिव धनुष तोड़ने व परशुराम संवाद का प्रसंग सुनाया

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा स्टेडियम रामलीला मैदान में आयोजित दिव्य श्री राम कथा के पंचम दिन मे कथावाचक महाराज महेंद्र द्वारा प्रभु श्रीराम द्वारा महर्षि विश्वामित्र द्वारा किए गए सृष्टि के रक्षा के लिए यज्ञ को पूर्ण और फिर राम लक्ष्मण जी को जनकपुर के राजा जनक जी द्वारा जनकपुर में जगत जननी मां सीता स्वयंवर की कथा सुनाई गई और शिव धनुष की महिमा बताई गई और बताया गया किस प्रकार अनेक राजाओं द्वारा सिर्फ धनुष तोड़ने की कोशिश की गई और प्रभु श्री राम को देखकर जनकपुर के सभी लोग उन पर मोहित हो गए और प्रभु श्री राम की महिमा का गुणगान किया श्री प्रभु राम द्वारा शिवजी के धनुष को किस प्रकार तोड़ा और फिर लक्ष्मण परशुराम संवाद के बारे में बताया गया उसके बाद सीता विवाह कराया गया और श्रीराम माता सीता विवाह की झांकी दिखाई गई और उसके बाद अयोध्या के राजा दशरथ द्वारा दिए महारानी कैकई को दिए वरदान को पूर्ण करने के लिए श्री राम जी को 14 साल के वनवास और अपने पुत्र भरत को अयोध्या के राजा बनाने के लिए बोला और सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुति की गई और बधाई गीत गाया गया जिस पर भक्तजन झूमे नाचे कथा के उपरांत आरती की गई। कथा के मौके पर विशिष्ट अतिथि नवीन मिश्रा भाजपा कपिल धारीवाल पवन कुमार, राहुल शर्मा, मीडिया प्रभारी गोपाल गुप्ता, गौरव सिंह मेहरा, कार्तिकेय शर्मा, दीपक सिंह मेहरा, चंचल सिंह, मुरलीधर, लता भट, ममता शर्मा, प्रिंस, अरुण शर्मा, कंचन गुप्ता आदि मौजूद रहे।






# रामकृष्ण व विवेकानंद के निकट थे गांधी यह बात क्यों छुपाई : डॉ. निखिल यादव

**नई दिल्ली।** विमोचित पुस्तक 'महात्मा गांधी पर श्री रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद का प्रभाव' में लेखक डॉ. निखिल यादव ने अनेकों खुलासे किए है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत अरोड़ा, अखिल भारतीय सह-सम्पर्क प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ थे। विवेकानंद केंद्र, उत्तर प्रांत के संघठक मानस भट्टाचार्य ने सत्र की अध्यक्षता की, जबकि डॉ. राज कुमार फलवारिया और डॉ. अनन्या अवस्थी ने सम्मानित अतिथि के रूप में शिरकत की।




यह शोधपरक कृति पहली बार गांधीजी के जीवन में श्री रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद के प्रभाव से संबंधित प्रत्येक पहलू का समग्र रूप से विश्लेषण प्रस्तुत करती है। पुस्तक का औपचारिक विमोचन गांधी भवन, दिल्ली विश्वविद्यालय, उत्तर परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में किया गया। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य और शोधार्थी, भारतीय दार्शनिक परंपराओं में रुचि रखने वाले शिक्षाविद, आध्यात्मिक नेता, और समाज के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

पुस्तक के लेखक डॉ. निखिल यादव रामकृष्ण-विवेकानंद परंपरा के प्रतिष्ठित विद्वान हैं और वर्तमान में विवेकानंद केंद्र, उत्तर प्रांत (दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख) के सह प्रमुख हैं। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के विज्ञान नीति अध्ययन केंद्र से पी-एच.डी. की उपाधि प्राप्त की है।

डॉ. निखिल यादव ने पुस्तक का परिचय देते हुए कहा कि श्री रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद और महात्मा गांधी के जीवन और शिक्षाओं पर अलग-अलग व्यापक शोध और अध्ययन किए गए हैं, लेकिन यह पहला ऐसा अध्ययन है जो महात्मा गांधी की श्री रामकृष्ण और स्वामी विवेकानंद के प्रति गहरी भक्ति को उजागर करता है। गांधीजी के संकलित कार्यों से यह स्पष्ट होता है कि श्री रामकृष्ण और स्वामी विवेकानंद उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा रहे, जो उनके दक्षिण अफ्रीका के दिनों से लेकर उनके संपूर्ण जीवन तक उन्हें प्रभावित करते रहे।

लेखक ने यह भी प्रश्न उठाया कि गांधीजी इतने निकट थे श्री रामकृष्ण जी और स्वामी विवेकानंद से, फिर यह बात हमसे क्यों छुपाई गई ?

– नकली प्रोटीन सप्लीमेंट का मामला –

# नोएडा पुलिस का ई-कॉमर्स कंपनियों को नोटिस

**नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने नकली प्रोटीन सप्लीमेंट बेचने वाले एक गैंग का पर्दाफाश करने के बाद दो प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियों को नोटिस भेजा है। पुलिस ने इन कंपनियों से यह जानकारी मांगी है कि इन प्लेटफार्मों के माध्यम से कितने ग्राहकों को नकली प्रोटीन सप्लीमेंट बेचे गए।

पुलिस उपायुक्त (सेंट्रल जोन) शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि तीन दिन पहले पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था, जो सेक्टर-63 में स्थित एक कंपनी से नकली प्रोटीन सप्लीमेंट बनाकर ऑनलाइन बेच रहे थे। अब पुलिस ने ई-कॉमर्स कंपनियों से यह पूछा है कि इन आरोपियों ने उनके माध्यम से किसे और कितनी बार नकली प्रोटीन सप्लीमेंट बेचे।


उन्होंने यह भी बताया कि आरोपियों की वेबसाइट अब बंद हो चुकी है, और मौके से बरामद नकली प्रोटीन सप्लीमेंट की जांच के लिए फूड डिपार्टमेंट को भेजी गई है।

पुलिस रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, और इन कंपनियों से मिली जानकारी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।




# एनजीटी ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा में सभी अवैध और अनधिकृत निर्माणों पर रोक लगाई

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने ग्रेटर नोएडा और नोएडा में किए जा रहे सभी अवैध और अनधिकृत निर्माणों और परियोजनाओं पर रोक लगा दी है, जो स्थापना की सहमति, संचालन की सहमति, ईसी और अन्य पर्यावरणीय मानदंडों के बिना किए जा रहे हैं।




यह निर्देश भाजपा नेता और पूर्व नगर निगम पार्षद राजेंद्र त्यागी की याचिका पर जारी किए गए हैं, जिस पर श्री आकाश वशिष्ठ, अधिवक्ता ने बहस की। शीर्ष पर्यावरण न्यायालय 27.03.2025 को मामले की सुनवाई करेगा।

एनजीटी ने 02.04.2024 को यूपी सरकार, नोएडा, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरणों, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और कई अन्य केंद्रीय/राज्य सार्वजनिक प्राधिकरणों और बिल्डरों (सैमटेल एन्क्लेव, द्वारका सिटी, सहारा सिटी) को व्यापक नोटिस जारी किया था। , ग्रेटर नोएडा और नोएडा में विला, टाउनशिप, कॉलोनियों, दुकानों, घरों आदि के बड़े पैमाने पर अवैध और अनधिकृत निर्माण।

याचिका में ग्रेटर नोएडा के 56 गांवों और नोएडा के 18 गांवों के अलावा कई अन्य गांवों का नाम लिया गया है, जहां वायु अधिनियम और जल अधिनियम के प्रावधानों का पूर्ण उल्लंघन करते हुए अवैध/अनधिकृत कॉलोनियां और टाउनशिप बनाई जा रही हैं।

किसी भी बिल्डर के पास जिला भूजल प्रबंधन परिषद या उसके साथ पंजीकृत बोरवेल से कोई एनओसी नहीं है। याचिका में कहा गया है कि इसके अलावा, किसी के भी पास अपनी ले-आउट योजना जीएनआईडीए द्वारा अनुमोदित नहीं है, भूमि-उपयोग रूपांतरण नहीं किया गया है और कोई भी जीएनआईडीए मास्टर प्लान के तहत क्षेत्र के भूमि-उपयोग के अनुरूप नहीं है।

याचिका में दावा किया गया है कि किसी भी व्यक्ति या बिल्डर ने एसडीएम से आवश्यक, कानूनी रूप से आवश्यक घोषणाएं हासिल नहीं की हैं कि कृषि भूमि का उपयोग आवासीय, वाणिज्यिक या औद्योगिक उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है या किया जाना प्रस्तावित है।

इसमें कहा गया है कि ग्रेटर नोएडा में 20000 हेक्टेयर से अधिक उपजाऊ कृषि योग्य भूमि को हड़प लिया गया है, जबकि नोएडा में 20000 हेक्टेयर से अधिक भूमि का उपयोग अवैध प्लॉटिंग के लिए किया जा रहा है।

श्री वशिष्ठ ने तर्क दिया कि लगभग पूरा ग्रेटर नोएडा टाउनशिप, विला और अपार्टमेंट के अवैध और अनधिकृत निर्माण में घिरा हुआ है। हमने रिकॉर्ड पर व्यापक सामग्री रखी है कि कैसे हर दिन बड़े निर्माण हो रहे हैं।

एनपीसीएल वितरण नेटवर्क और बिजली कनेक्शन प्रदान करके इस सब में सहायता कर रहा है। तस्वीरों से पता चलता है कि कैसे अवैध कॉलोनियों में बिजली के खंभे लगाए जा रहे हैं और बिना किसी अनिवार्य एनओसी और जिला भूजल प्रबंधन परिषद द्वारा भूजल निकासी के लिए पंजीकरण के बिना बोरवेल खोदे जा रहे हैं।

जब पीठ ने राज्य के वकील से पूछा कि वह क्या कर रहे हैं, तो उन्होंने जवाब दिया कि यह तीन प्राधिकरणों, नोएडा, जीएनआईडीए और येडा पर निर्भर है, जिस पर अदालत ने कहा कि आप राज्य हैं। क्या इन अवैध चीजों की जांच करना आपकी जिम्मेदारी नहीं थी। और अनधिकृत गतिविधियाँ। जब ये निर्माण शुरू हुआ तो आप कहाँ थे? आपने इसकी अनुमति कैसे दी? अध्यक्ष, न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा। मामला चिंताजनक रूप धारण कर चुका है यूपी के इन दो जुड़वां शहरों और एक प्रमुख एनसीआर गंतव्य में।

# किसानों के समर्थन को उतरी आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा की लुक्सर जेल में बंद किसानों के समर्थन में आजाद समाज पार्टी और भीमआर्मी के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों के खिलाफ हुई कार्रवाई की निंदा की गई और उनके तत्काल रिहाई की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि गौतमबुद्धनगर के किसान लंबे समय से नई भूमि अधिग्रहण कानून लागू करने, भूखण्डों के अधिकार, युवाओं के लिए रोजगार और पंचायत चुनावों की बहाली की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे थे। 2 दिसम्बर से शुरू हुआ यह आंदोलन, जो किसानों का संवैधानिक अधिकार था, उस पर जिला प्रशासन ने सैकड़ों किसानों को जबरन जेल में बंद कर दिया है।




आजाद समाज पार्टी और भीमआर्मी ने इस कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए सरकार से किसानों की मांगों को जल्द पूरा करने और उन्हें बिना शर्त रिहा करने की अपील करती है। इस अवसर पर आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रविन्द्र भाटी ने कहा कि वह इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर लोकसभा में उठवाएंगे।

इस मौके पर रविन्द्र भाटी के साथ प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य दिनेश आजाद, सुनील कसाना, अनिल नागर, वीरेन्द्र नागर, विनोद (एडवोकेट) श्यौराजपुर, आशीष (एडवोकेट), अमित आजाद, नरेन्द्र आजाद (भीमआर्मी जिलाध्यक्ष) महेश जाटव, अनिल जाटव, बच्चन जाटव, उदय गुर्जर (रूपवास) सहित सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।


पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेंडर (शुद्धिपत्र)

निविदा सूचना संख्या एनईआर_ एसएण्डटी_ प्रोजेक्ट_गोरखपुर_04_2024 दिनांक 04.11.2024 को आमंत्रित की गई थी, Tender Document में संशोधन करते हुये Corrigendum -3 जारी किया गया है। विस्तृत जानकारी ई-टेंडरिग वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।

उप मुसिदूइं/प्रोजेक्ट/ गोरखपुर

मुजाधि/सिगनल-85

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"


# चेतना महोत्सव का आयोजन 15 दिसम्बर को

मिर्जापुर। साहित्य चेतना समाज की मीरजापुर इकाई के तत्वावधान में 3 नवम्बर को आयोजित सामान्य ज्ञान एवं निबन्ध प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों को 15 दिसम्बर (रविवार) को संस्था द्वारा आयोजित 'चेतना महोत्सव-2024' में सम्मानित किया जाएगा।कार्यक्रम नगर के भरूहना स्थित विन्ध्यवासिनी महाविद्यालय के सभागार में दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव होंगी।विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार व साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा एवं समाजसेवी राजपति ओझा कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता विन्ध्यवासिनी महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ.नीरज त्रिपाठी करेंगे।

इन प्रतियोगिताओं में नगर सहित सुदूर ग्रामीण अंचल के 15 से अधिक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।चार वर्गों में आयोजित इन प्रतियोगिताओं के कनिष्ठ वर्ग में कक्षा चार से छह,मध्यम वर्ग में कक्षा सात व आठ,ज्येष्ठ वर्ग में कक्षा नौ व दस एवं वरिष्ठ वर्ग में कक्षा ग्यारह व बारह के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में खूशबू कान्वेंट स्कूल के दीपक कुशवाहा,मध्यम वर्ग में गुरुनानक इण्टर कॉलेज संकल्प दूबे,ज्येष्ठ वर्ग में इसी विद्यालय की कु.वर्षा प्रजापति एवं वरिष्ठ वर्ग में इसी विद्यालय की कु.प्रतिभा यादव ने टॉप किया।

निबन्ध प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में ओपस इण्टरनेशनल स्कूल की कु.शुक्तिका सिंह,वर्धमान पब्लिक स्कूल की कु.जिया प्रजापति,ज्येष्ठ वर्ग में दिव्यांश इंस्टिट्यूट के अजित पाल एवं वरिष्ठ वर्ग में गुरुनानक इण्टर कॉलेज की कु.सौम्या गोयल टॉपर रहीं।


दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:

0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:

chetnamanch.pr@gmail.com

raghuvanshirampal365@gmail.com

raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in

www.chetnamanch.com

## खास खबर

### एसबीआई की अमृत वृष्टि योजना: बेहतर निवेश का अवसर

**मुंबई।** वर्तमान समय में निवेश करने के लिए मिल रहे अनगिनत ऑप्शन्स में से एक है भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की नई अमृत वृष्टि योजना। यह सावधि जमा योजना है जिसका आकर्षण है उसकी अवधि के साथ सुनहरा ब्याज दर है। इस योजना में निवेश करने पर आम ग्राहकों को 7.25 फीसदी और वरिष्ठ नागरिकों को 7.75 फीसदी की ब्याज दर मिलेगी। इस योजना के तहत जो आप्शन किए जा रहे हैं, वे महिलाएं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी हैं। सीमित अवधि की यह जमा योजना 444 दिनों के लिए है और उन्हें 16 जुलाई 2024 से मिलेगी। निवेश करने का अंतिम तारीख 31 मार्च 2025 है। इस योजना को किसी भी भारतीय नागरिक के लिए खोला गया है, चाहे वो निवासी हो या अनिवासी और इसमें व्यक्तिगत, संयुक्त खाते और कंपनियां भी निवेश कर सकती हैं।

### फिक्की एफएलओ की वार्षिक बैठक में 350 महिला प्रतिनिधि शामिल

**गुवाहाटी।** फिक्की महिला संगठन की अंतरराज्यीय बैठक में देश भर से लगभग 350 व्यवसायी महिलाएं और उद्यमी शामिल हुई हैं। एफएलओ के पूर्वोत्तर चैप्टर द्वारा आयोजित मिस्टिकल नॉर्थईस्ट नामक इस बैठक में भाग लेने वाली महिलाएं प्रतिनिधि हैं। यह चार दिवसीय बैठक गुवाहाटी और शिलांग में आयोजित की जा रही है। इस बैठक में भारत के 20 चैप्टर से महिला उद्यमियों और पेशेवरों को एक साथ लाने का उद्देश्य है। इसके दौरान सलाह, नेटवर्किंग, और प्रदर्शन का मौका दिया जा रहा है। बैठक के पहले दो दिन गुवाहाटी में आयोजित होंगे और बाकी दो दिन शिलांग में।

### रेलवे स्टॉक्स में तेजी के बाद निवेशकों में बढ़ी उम्मीद

**नई दिल्ली।** जुलाई से अक्टूबर के बीच देश की रेलवे सेक्टर में गिरावट के बाद निवेशकों को एक बड़ी खुशखबरी मिली है। पिछले महीने में रेलवे स्टॉक्स में दिखी गिरावट के बाद, अब इन स्टॉक्स में तेजी की दौड़ देखी जा रही है। ?विशेषज्ञों का कहना है कि इस तेजी के पीछे कई सकारात्मक कारण हैं। एक ?विशेषज्ञ के मुताबिक सरकारी खर्च की उम्मीद और ठप पड़े रेलवे प्रोजेक्टों का पुनर्वीक्षण, निवेशकों को सेक्टर की ओर आकर्षित कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लम्बे समय तक फोकस दिया जाने वाले और मंजूर किए जाने वाले रेलवे परियोजनाओं के लिए भी निवेशकों को उम्मीद मिली है। आगामी केंद्रीय बजट में और रेलवे सेक्टर में निवेश की संभावनाओं के बढ़ने से स्टॉक्स के मूल्यांकन में सुधार आया है।

### इंटरनेशनल मार्केट में सोने के भाव में तेजी

**नई दिल्ली।** कुछ दिन तक लगातार कमजोरी का सामना करने के बाद इंटरनेशनल मार्केट में गोल्ड ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। इंटरनेशनल मार्केट में स्पॉट गोल्ड 0.30 प्रतिशत की मजबूती के साथ 2,688.29 डॉलर प्रति ऑन्स के स्तर पर पहुंच गया। गोल्ड फ्यूचर्स आज 2,711.30 डॉलर प्रति ऑन्स के स्तर पर पहुंचा है। इस हफ्ते इंटरनेशनल मार्केट में गोल्ड लगातार पॉजिटिव बना हुआ है। इसी वजह से सोने की कीमत में इस सप्ताह 2 प्रतिशत से अधिक की तेजी आ गई है।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.23 अरब डॉलर घटकर 654.86 अरब डॉलर पर

**मुंबई/नई दिल्ली।** विदेशी मुद्रा भंडार में फिर गिरावट दर्ज हुई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार छह दिसंबर को समाप्त हफ्ते में 3.23 अरब डॉलर घटकर 654.86 अरब डॉलर रहा है। इससे पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार 1.51 अरब डॉलर बढ़कर 658.09 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि 6 दिसंबर को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक माने जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां भी 3.23 अरब डॉलर घटकर 565.62 अरब डॉलर रह गई है। इस दौरान स्वर्ण भंडार का आरक्षित मूल्य 4.3 करोड़ डॉलर घटकर 66.93 अरब डॉलर रहा। हालांकि, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 2.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.03 ।

# दुनिया की सबसे ताकतवर महिलाओं की फोर्ब्स सूची में 3 भारतीय महिलाएं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी बिजनेस मैगजीन फोर्ब्स ने वर्ष 2024 के लिए दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची जारी की है। फोर्ब्स की 21वीं सूची में तीन भारतीय महिलाओं के नाम हैं, जिसमें निर्मला सीतारमण, रोशनी नादर मल्होत्रा और किरण मजूमदार-शॉ हैं। सूची में उद्योग, मनोरंजन, राजनीतिक, समाज सेवा और नीति नियंताओं के नाम शामिल हैं, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है।



**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण फोर्ब्स की इस सूची में 28वें स्थान पर हैं। सीतारमण ने मई 2019 में केंद्रीय वित्त मंत्री का पद संभाला था और उसके बाद से लगातार इस अहम पद पर बनी हुई हैं। निर्मला सीतारमण पर भारत के तेज आर्थिक विकास को बनाए रखने की जिम्मेदारी है और उनके नेतृत्व में भारत पांच खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। सीतारमण महिला सशक्तिकरण को लेकर मुखर रही हैं। वह राजनीति में आने से पहले ब्रिटेन की एग्रीकल्चर इंजीनियर्स एसोसिएशन और बीबीसी वर्ल्ड के साथ जुड़ी रहीं।

**रोशनी नदार मल्होत्रा**

दिग्गज भारतीय बहुराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज की चेयरपर्सन और एचसीएल कॉर्पोरेशन की मुख?य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोशनी नदार मल्होत्रा को फोर्ब्स ने दुनिया की सबसे ताकतवर महिलाओं की इस सूची में 81वां स्थान दिया है। रोशनी नदार 12 अरब डॉलर की कंपनी के रणनीतिक फैसले लेती हैं। वह शिव नदार फाउंडेशन की भी ट्रस्टी हैं। इसके जरिए वो शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही हैं। रोशनी नदार ने द हैबीटेटस ट्रस्ट की स्थापना की, जो प्राकृतिक संरक्षण के लिए काम करती है।

**किरन मजूमदार शॉ**

किरन मजूमदार शॉ को फोर्ब्स की दुनिया की सबसे ताकतवर महिलाओं की 21वीं सूची में 82वां स्थान दिया गया है। किरन मजूमदार बायोटेक कंपनी बायोकॉन की संस्थापक और चेयरपर्सन हैं। बायोकॉन की अमेरिका, एशिया के विभिन्न बाजारों समेत दुनियाभर में पहुंच है। किरन मजूमदार शॉ भारत के सबसे सफल उद्योगपतियों में शामिल हैं। साल 2019 में किरन मजूमदार और उनके पति जॉन शॉ ने यूनिवर्सिटी ऑफ ग्लोसगो में कैंसर रिसर्च के लिए 75 लाख डॉलर का दान दिया था। शॉ की कंपनी कोरोना वायरस की एंटीबॉडी थेरेपी के लिए भी काम कर रही है। फोर्ब्स अमेरिकी बिजनेस मैगजीन है। यह व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, उद्यमिता, नेतृत्व और जीवनशैली विषयों पर ध्यान केंद्रित करती है। यह प्रत्रिका दुनियाभरा के उद्योग, मनोरंजन, राजनीतिक, समाज सेवा और नीति नियंताओं के कार्य के आधार पर उनका मूल्यांकन और रैंकिंग प्रदान करती है।

### हवाई अड्डों पर किफायती उड़ान यात्री कैफे शुरु करेगी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने शुक्रवार को कहा कि भारत के विमानन क्षेत्र में पिछले 10 साल में तीव्र वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि अब सरकार का लक्ष्य देश को शीर्ष घरेलू विमानन केंद्र बनाना है। नायडू ने कहा कि केंद्र सरकार हवाई अड्डों पर किफायती ह्यउड़ान यात्री कैफे शुरू करेगी। विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू आज कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के शताब्दी समारोह के संबोधन में यह बात कही। एयरपोर्ट के 100 साल पूरे होने पर राजीव गांधी भवन में शताब्दी समारोह का प्रतीक चिह्न (लोगो) पेश करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल नागरिक उड्डयन क्षेत्र के लिए गौरवशाली रहे हैं। नायडू ने कहा कि इस दौरान कई हवाई अड्डों का विस्तार हुआ है। यात्रियों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। अब हमारा लक्ष्य वैश्विक स्तर पर नंबर एक घरेलू केंद्र बनना होना चाहिए। राममोहन नायडू ने कहा, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अब हम पूरी दुनिया में तीसरे सबसे बड़े घरेलू नागर विमानन केंद्र बन गए।


# भारत ने हासिल की एयर-टु-एयर मिसाइलों की मारक दूरी बढ़ाने की तकनीक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने अब हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की मारक दूरी बढ़ाने की तकनीक हासिल कर ली है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने शुक्रवार को ओडिशा तट पर चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) में सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) का अंतिम परीक्षण किया, जो पूरी तरह सफल रहा है। स्वदेशी रूप से विकसित यह तकनीक भारत को लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल विकसित करने में मदद करेगी। डीआरडीओ के मुताबिक सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) प्रणोदन आधारित मिसाइल प्रणाली का अंतिम प्रायोगिक परीक्षण सफल रहा है। ओडिशा तट पर चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से किये गए परीक्षण में इस्तेमाल की गई जटिल मिसाइल प्रणाली ने सफलतापूर्वक प्रदर्शन करके मिशन के सभी उद्देश्यों को पूरा किया। आईटीआर में तैनात टेलीमेट्री, रडार और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम जैसे कई रेंज इंस्ट्रूमेंट्स ने इस प्रणाली के सफल प्रदर्शन को पुष्ट किया। एसएफडीआर को हैदराबाद की रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला ने डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं जैसे हैदराबाद की अनुसंधान केंद्र इमारत और पुणे की उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला के सहयोग से विकसित किया गया है। एसएफडीआर का विकास 2013 में शुरू हुआ और वास्तविक प्रदर्शन शुरू करने के लिए पांच साल की समय सीमा तय की गई। मिसाइल का ग्राउंड आधारित परीक्षण 2017 में शुरू हुआ था। सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट का पहला परीक्षण 30 मई, 2018 को किया गया था। इस परीक्षण के जरिये भारत ने पहली बार नोजल-कम बूस्टर का प्रदर्शन किया। दूसरा परीक्षण 8 फरवरी, 2019 को हुआ, जिसमें मिसाइल ने लक्ष्य के मुताबिक वांछित गति से आखिरकार जमीन को छू लिया। इसके बाद 08 अप्रैल, 2022 को हुए बूस्टर तकनीक का सफल परीक्षण किया गया। अब अंतिम परीक्षण में भारत ने एयर-टु-एयर मिसाइलों की मारक दूरी बढ़ाने की तकनीक हासिल कर ली है। रक्षा वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि भारत लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल विकसित करने वाला पहला देश है। जो ध्वनि की गति से आठ गुना अधिक गति से यात्रा कर सकती है और वैश्विक रक्षा प्रौद्योगिकी में एक गेम-चेंजर है।



# जोमैटो पर 803 करोड़ की जीएसटी चोरी का आरोप




एजेंसी

**मुंबई।** एक नया विवाद उठा है ऑनलाइन फूड डिलीवरी बिजनेस में जहां भारतीय सरकार ने लगभग 803.4 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी का आरोप जोमैटो कंपनी पर लगाया है। सरकार के अनुसार यह चोरी का मामला 29 अक्टूबर, 2019 से 31 मार्च, 2022 की अवधि के लिए सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क, ठाणे आयुक्तालय, महाराष्ट्र के संयुक्त आयुक्त द्वारा पारित हुए आदेश के तहत हुआ। कंपनी का कहना है कि वे इस मामले में मजबूत हैं और वे उचित प्राधिकारी के समक्ष अपील करने की योजना बना रहे हैं। जीएसटी विभाग से जोमैटो को नोटिस मिला है और कंपनी ने इस संबंध में शेयर बाजार को सूचित किया है। इसके साथ ही जोमैटो ने जीएसटी, ब्याज, और जुमार्ना के भुगतान के संबंध में जोरदार कदम उठाने का वादा किया है। यह नया विवाद उठने पर ऑनलाइन फूड डिलीवरी सेगमेंट में चिंता बढ़ी है और जोमैटो कंपनी अपने पक्ष से अपील करने की तैयारी कर रही है। इस मामले में विवादित राशि और उसके वित्तीय परिणाम की जांच के लिए सरकार और कंपनी के बीच नई टक्कर का संकेत मिलता है। आगे कैसे बढ़ता है यह मामला और कैसे समाधान निकाला जाता है, यह देखने के लिए बाजार और उपभोक्ताओं की नजरें इस मुद्दे पर टिकी हुई हैं।

## पृष्ठ एक के शेष....

**संभल में 'बुल्डोजर....**

पुलिस ने टीम के साथ मिलकर इलाके में अतिक्रमण भी हटाया और यहां एक मंदिर पर अतिक्रमण बनाए गए घर से अतिक्रमण को हटाकर 46 साल बाद मंदिर को खोल दिया।

संभल में आज प्रशासन का एक्शन शुरू हो गया है। अतिक्रमण और बिजली चोरी के खिलाफ प्रशासन ने अभियान चलाया है। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता नवीन गौतम ने बताया कि बिजली चोरी की जांच के दौरान टीम को स्थानीय लोगों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। दीपा सराय जैसे क्षेत्रों में ज्यादातर घरों में बिजली चोरी हो रही है। जब हमारी टीम निरीक्षण करने गई तो कई बार हमारे साथ मारपीट भी की गई। अब प्रशासन का पूरा समर्थन मिल रहा है और दोषियों पर कार्रवाई हो रही है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) केके बिश्नोई ने बताया कि दो महीने पहले विद्युत विभाग ने उन क्षेत्रों की सूचना दी थी जहां उनके अधिकारियों पर हमले हो रहे थे।

टीमारदास सराय, दीपा सराय, तुर्तिपुर इल्हा, और हिंदूपुरा खेड़ा जैसे क्षेत्रों में टीमों पर हमला हुआ था। अब इन क्षेत्रों में दो प्लाटून पुलिस बल तैनात किया गया है। अब तक 1200 से अधिक बिजली चोरी के मामले दर्ज किए गए हैं। 5 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया है।

संभल के एसपी केके बिश्नोई ने बताया कि हमने देखा कि कई बिजली मीटर काम नहीं कर रहे थे, लेकिन घरों में पूरी बिजली थी। बिजली विभाग की मदद से जांच करने के बाद हम इन जगहों को बंद कर रहे हैं। संभल जिले में करीब 70 प्रतिशत इलाकों में लाइन लॉस है। बिजली विभाग के लोग खुद बिजली चोरी की जांच करने से डरते थे क्योंकि निरीक्षण के दौरान अक्सर उनकी पिटाई होती थी।

संभल के डीएम राजेंद्र पेंसिया ने बताया कि शाही जामा मस्जिद क्षेत्र में सड़कों, नालों और जल स्रोतों पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि दस्तावेजों के अनुसार, मस्जिद के आसपास कई अतिक्रमण हुए हैं। प्रशासन की सख्त कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है।

संभल के डीएम राजेंद्र पेंसिया ने बताया कि डीएम पिछले 3 महीने से छापेमारी कर रहे हैं। 1250 से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गई हैं। हमने 5 करोड़ से ज़्यादा का जुर्माना लगाया है। जिन इलाकों में हमारे अधिकारी अकेले जाने से डरते थे, हमने सुबह 5 बजे अपनी टीम भेजी। हमने करीब 200-250 घरों में बिजली चोरी पकड़ी है। हमने यहां मस्जिद के ऊपर से भी बिजली चोरी पकड़ी है। हम अतिक्रमण भी तोड़ रहे हैं। लोगों को इस बारे में चेतावनी दी गई और सूचित किया गया।

**....ताकि कड़ाके की....**

आप खुले आसमान या सड़क किनारे फुटपाथ पर न सोए।

नगर मजिस्ट्रेट नोएडा ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के नेतृत्व में इसी प्रकार से रात्रि कालीन भ्रमण करते हुए सड़क किनारे या खुले आसमान में सो रहे लोगों को रैन बसेरों में शिफ्ट कराया जाएगा एवं जनपद में संचालित रैन बसेरों में सभी मूलभूत सुविधाएं मानकों के अनुरूप बनी रहे उनका भी समय-समय पर औचक निरीक्षण किया जाएगा।

**मोबाइल टॉवरों से....**

चोर यहां लगी 24 बैटरी सेल को चोरी कर ले गए। उन्होंने इसकी सूचना कंपनी के अधिकारियों और सिक्योरिटी टीम को दी। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

**शंभू बॉर्डर से आगे ....**

के लिए अंबाला जिले के 12 गांवों में मोबाइल इंटरनेट और बल्क एसएमएस सेवाओं को बंद कर दिया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) सुमिता मिश्रा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह निलंबन 17 दिसंबर तक लागू रहेगा।

आदेश में कहा गया कि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, सीआईडी, हरियाणा और डिप्टी कमिश्नर, अंबाला द्वारा यह मेरे संज्ञान में लाया गया है कि कुछ किसान संगठनों द्वारा दिए गए दिल्ली कूच के अपील के मद्देनजर, अंबाला जिले के क्षेत्र में तनाव, आंदोलन, सार्वजनिक और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और सार्वजनिक शांति और सौहार्द बिगाड़ने की आशंका है।

किसानों ने शंभू बॉर्डर पर ही प्रेस कांफ्रेंस कर बताया है कि 101 किसानों का जत्था दोपहर 12 बजे दिल्ली की तरफ रवाना होगा. इसी बीच पहलवान बजरंग पूनिया का बयान भी सामने आया है. शंभू बॉर्डर रवाना होने से पहले बजरंग पूनिया ने 'वन नेशन, वन इलेक्शन' पर बोलते हुए कहा कि देश में अगर वन नेशन, वन इलेक्शन की बात हो सकती है, तो वन नेशन, वन एमएसपी भी लागू होना चाहिए।

कांग्रेस नेता और पहलवान बजरंग पूनिया किसानों के समर्थन में खुलकर सामने आए हैं। वह युवाओं और किसानों के काफिले के साथ सोनीपत से शंभू बॉर्डर के लिए रवाना हुए, जहां किसान लंबे समय से अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं. शंभू बॉर्डर रवाना होने से पहले बजरंग पूनिया ने 'वन नेशन, वन इलेक्शन' पर बोलते हुए कहा कि देश में अगर वन नेशन, वन इलेक्शन की बात हो सकती है, तो वन नेशन, वन एमएसपी भी लागू होना चाहिए। बजरंग पूनिया ने कहा कि मैं पहले भी किसानों के साथ था, अब भी हूं और आगे भी किसानों के साथ खड़ा रहूंगा।

उन्होंने सभी किसान संगठनों से एकजुट होकर आंदोलन को मजबूत करने की अपील की. पूनिया ने कहा कि किसान नेताओं से बातचीत कर सभी संगठनों को एक मंच पर लाने का प्रयास करेंगे. बजरंग पूनिया ने किसान नेता जगजीत सिंह डालेवाल की तारीफ करते हुए कहा कि उनका कोई स्वार्थ नहीं है. वह देश के किसानों की लड़ाई लड़ रहे हैं।

**आज आठ मंडलों में .....**

3-3 नाम हाईकमान को भेजे जाएंगे

सभी मंडलों में बूथ अध्यक्षों को प्रस्तावक बनाया गया है। हर मंडल में अध्यक्ष पद के लिए जितने भी आवेदन आएंगे वे मंडलों के संबंधित चुनाव अधिकारी को सौंपे जाएंगे। मंडलों के चुनाव अधिकारी सभी आवेदन भाजपा हाईकमान द्वारा नियुक्त चुनाव अधिकारी व कौशांबी के पूर्व सांसद विजय सोनकर को सौंपेंगे। वे हर मंडल में तीन-तीन लोगों का पैनल बनाकर प्रदेश हाईकमान के पास भेजेंगे। वहां से किसी एक नाम पर मोहर लगाकर मंडल अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। यह समूची प्रक्रिया 15 दिसंबर तक पूरी हो जाएगी।

**हनी ट्रैप गिरोह का ....**

सामाजिक भय दिखाकर चंगुल में फंसे व्यक्ति से मनमानी रकम वसूल की जाती थी। गिरोह के सदस्यों ने कई लोगों को ब्लैकमेल करने की बात स्वीकार की है। पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है कि इस गिरोह ने अब तक कितने लोगों को अपना शिकार बनाया है। इसकी जांच की जा रही है।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न



नोएडा। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जनपद गौतमबुद्ध नगर की बैठक नोएडा के सेक्टर-11 स्थित वरिष्ठ पत्रकार धीरेन्द्र अवाना के आवास पर आयोजित की गयी ।जिसकी अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र अवाना ने तथा संचालन प्रदेश कार्य समिति के सदस्य डॉक्टर नरेश पाल सिंह(सदस्य प्रदेश कार्य समिति)ने किया।

बैठक में संगठन के रास्ट्रीय सचिव एवं प्रवक्ता नरेश सक्सेना ने कहा कि आज हमारे संगठन का विस्तार रास्ट्रीय अध्यक्ष देवी प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में हो रहा है ।बैठक में संगठन के रास्ट्रीय अध्यक्ष देवी प्रसाद गुप्ता ने कहा कि हमारा संगठन सुरक्षा, स्वाभिमान एवं सदाशयता के लिए सदैव काम करता है। संगठन का उद्देश्य पत्रकारों के हित में कही भी विषम परिस्थिति में उनके साथ खड़े रहना ही सदैव रहा है। इसी का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश सहित अन्य प्रान्तों में भी ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का काम तेजी से बढ़ा है। 1982 से शुरु हुई यात्रा

इस मौके पर पत्रकार उदय अवाना, जुनैद,संगीता चौधरी,प्रियंका शर्मा,पवन कुमार, योगेश राणा,विशाल तोमर,निशांत पंडित, देवमानी शुक्ला,परमजीत नागर, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

## दिल्ली सचिवालय पर सीटू कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन : गंगेश्वर दत्त शर्मा



**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल दिल्ली की मनमर्जी, तानाशाही एवं मुख्यमंत्री दिल्ली सरकार की श्रमिकों के प्रति उदासीनता, संवेदनहीनता के चलते दिल्ली के मेहनतकशों आवाम के बदतर होते हालात के खिलाफ सीटू दिल्ली राज्य कमेटी के बैनर तले सैकड़ों की संख्या में दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों में कार्यरत स्थाई एवं ठेका कर्मचारियों ने अपने क़ानूनी अधिकार की हिफाज़त करने, सैलरी का समय से भुगतान करने, समान काम का समान वेतन देने, सरकारी विभागों में रक्त पदों को भरने, सभी को पेंशन और ईलाज की सुविधा देने इत्यादि मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया।

अभी तो ली अंगड़ाई है, आगे और लड़ाई है,आदि नारे लगाते हुए आज के प्रदर्शन में दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली के अस्पताल, महिला बाल विकास विभाग, दिल्ली सरकार, एनडीएमसी ने भाग लिया। इनका समर्थन दिल्ली औद्योगिक मज़दूर, भवन निर्माण मज़दूर, रेहड़ी पटरी कामगार यूनियन के कार्यकर्ताओं ने भी हिस्सा लिया। प्रदर्शन को सीटू के राष्ट्रीय सचिव उमेश कुमार ने संबोधन कर आंदोलन को और तीखा करने का आह्वान किया।

प्रदर्शन को सीटू दिल्ली एनसीआर राज्य अध्यक्ष कामरेड वीरेंद्र गौड़, महासचिव अनुराग सक्सैना, सचिव मंडल सदस्य सिद्धेश्वर शुक्ला, पी वी अनियन, कमला, पुष्पेंद्र सिंह, सीटू गौतम बुध नगर जिलाध्यक्ष कामरेड गंगेश्वर दत्त शर्मा आदि नेताओं ने संबोधित किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार, दिल्ली सरकार व केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों की कड़ी निंदा किया। साथ ही गौतम बुध नगर के किसानों पर उत्तर प्रदेश सरकार और गौतम बुद्ध नगर पुलिस प्रशासन द्वारा किए जा रहे दमन- शोषण व उत्पीड़न को भी रेखांकित किया। और कहां कि हम एकजुट होकर लड़ेंगे और निश्चित रूप से जीतेंगे।

**खास खबर**

## गाजा पर इजराइल हमले में 25 की मौत

**गाजा।** गाजा पट्टी पर इजराइल के हवाई हमले में 25 आम नागरिक मारे गए और कई घायल हो गए। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कुछ घंटे पहले ही गाजा में युद्ध समाप्त करने के लिए संघर्ष विराम समझौते की उम्मीद जताई थी। गाजा पट्टी के उत्तर में स्थित अल-अवदा अस्पताल और मध्य गाजा के अल-अक्सा अस्पताल के प्राधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को शहरी नुसेरात शरणार्थी शिविर में एक बहुमंजिला आवासीय इमारत पर इजराइल द्वारा किए गए हमले के बाद कुल 25 शव अस्पताल लाए गए। फलस्तीनी चिकित्सकों ने बताया कि हमले में घायल हुए 40 से अधिक लोगों का इन दोनों अस्पतालों में उपचार किया जा रहा है और इसमें अधिकतर बच्चे हैं। उन्होंने बताया कि इजराइल के हमले में नुसेरात में कई घर भी तबाह हो गए। इस हमले में इजराइली सेना ने फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी है। अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कुछ ही घंटे पहले येरूशलम में कहा था कि लेबनान में इजराइल के संघर्षविराम से गाजा में युद्ध को खत्म करने के लिए एक समझौता होने का रास्ता साफ हुआ है।

## मासूम को बेचने की कोशिश में महिला गिरफ्तार

**न्यूयार्क** ।अमेरिका के टेक्सास में 21 वर्षीय महिला जुनिपर ब्रायसन को अपने नवजात बच्चे को बेचने की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार किया है । सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर महिला ने एक पोस्ट साझा करते हुए बच्चे को गोद लेने के इच्छुक लोगों से संपर्क करने की अपील की थी। उन्होंने स्पष्ट रूप से इस पोस्ट में कहा कि वह इस प्रक्रिया के लिए भुगतान चाहती हैं। पुलिस रिकॉर्ड्स के अनुसार, जुनिपर ने अपने पोस्ट में लिखा, ङ्खजन्म देने वाली मां, गोद लेने वाले माता-पिता की तलाश।ङ्ख इसके साथ ही उन्होंने अपने बच्चे की तस्वीर भी साझा की। पोस्ट के वायरल होने के बाद कई लोगों ने बच्चे को गोद लेने में रुचि दिखाई, जिनमें से कुछ समलैंगिक जोड़े भी शामिल थे। हालांकि, जब जुनिपर ने पैसे की मांग की, तो कई संभावित गोद लेने वाले माता-पिता ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया। ।

## 15 लोगों पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप

**बदायूं।** यूपी के बदायूं में एमपी-एमएलए कोर्ट ने बीजेपी के बिल्सी विधायक हरीश शाक्य और उनके भाई और भतीजे समेत 15 अन्य के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म और धोखाधड़ी के आरोप में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने पीड़िता के पति की याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया, जिसमें भूमि विवाद से जुड़े एक मामले में न्याय की मांग की गई थी। कोर्ट ने सिविल लाइंस थाने को दस दिन के अंदर मामला दर्ज करने और मामले की निष्पक्ष जांच करने का निर्देश दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बदायूं के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस को अभी तक कोर्ट के आदेश की कापी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि कोर्ट के आदेश की प्रति मिलते ही एफआईआर दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# अस्पताल में लगी आग, 7 की मौत, कई झुलसे

▸ मरने वालों में एक बच्चा और तीन महिलाएं शामिल, तीन गंभीर



एजेंसी

**चेन्नई।** तमिलनाडु के डिंडीगुल स्थित एक निजी अस्पताल में गुरुवार रात आग लगने से अब तक सात लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई झुलस गए। मरने वालों में एक बच्चा और तीन महिलाएं शामिल हैं। तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक आग गुरुवार रात लगी। सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और रेस्क्यू किया। अस्पताल में फंसे लोगों को निकालने के लिए फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची। इसके बाद लोगों को बाहर निकालकर एम्बुलेंस और निजी एम्बुलेंस के जरिए दूसरे अस्पतालों में शिफ्ट किया गया। आग डिंडीगुल जिले के तिरुचि रोड स्थित चार मंजिला अस्पताल के ग्राउंड फ्लोर पर लगी थी। इसके बाद धीरे-धीरे आग ने पूरे अस्पताल को अपनी चपेट में ले लिया। शुरूआती जांच में आग की वजह शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हादसे के बाद ग्रामीण विकास मंत्री पहुंची। इस हादसे को लेकर डिंडीगुल की जिला कलेक्टर ने कहा कि रात 10 बजे निजी अस्पताल में आग लगी थी। खबर मिलते ही रेस्क्यू किया गया। मरीजों को बचाकर पास के सरकारी और निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है जिनका इलाज चल रहा है।

### अनुग्रह राशि देने की घोषणा

**चैन्नई।** तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने डिंडीगुल जिले के एक निजी अस्पताल में आग लगने से हुई छह लोगों की मौत पर शोक जताया है और उनके परिजनों को तीन-तीन लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने का ऐलान किया है। सीएम स्टालिन ने इस घटना में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की। उनमें एक नाबालिग बच्ची भी है। दो मृतक थेनी जिले के रहने वाले थे। स्टालिन ने मृतकों के परिवारों के लिए मुख्यमंत्री जन राहत कोष से तीन-तीन लाख रुपए की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। उन्होंने यह भी कहा कि जो गंभीर रुप से झुलसे हैं और जिनका सघन चिकित्सा कक्ष में इलाज चल रहा है, उन्हें एक-एक लाख रुपए और मामूली रूप से झुलसे व्यक्तियों को 50-50 हजार रुपए दिए जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिया है कि आसपास के सरकारी और निजी अस्पतालों में जिन लोगों को भर्ती कराया गया है, उनके इलाज में कोई कसर नहीं रखा जाए। डिंडीगुल में आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि फिलहाल तीन लोगों का आईसीयू में इलाज चल रहा है। बता दें गुरुवार रात करीब निजी अस्पताल में आग लग गई थी, जिससे छह लोगों की मौत हो गई। ये लोग लिफ्ट में बेहोशी की हालत में पाए गए थे। बाद में अस्पताल के डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# दिल्ली के छह स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के छह स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। यह धमकी ई-मेल के जरिए दी गई है। सूचना मिलने पर दिल्ली पुलिस और दमकल विभाग की टीमें पहुंची। दोनों टीमें जांच कर रही हैं। अभी तक की जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले नौ दिसंबर को दिल्ली के 40 से अधिक स्कूलों को ऐसी ही धमकी दी गई थी। दावा किया गया था कि उनके कैंपस में बम लगाए गए हैं। ई-मेल में कहा गया था कि अगर बम फटे तो भारी नुकसान होगा। मेल भेजने वाले ने ब्लास्ट रोकने के एवज में 30 हजार डॉलर की मांग की थी। छह स्कूलों को भेजे गए ई-मेल में धमकाया गया है कि आपके स्कूल परिसर में कई विस्फोटक हैं। इस गतिविधि में एक डार्क वेब समूह और कई रेड रूम भी शामिल हैं। बम इमारतों को नष्ट करने और लोगों को नुकसान पहुंचाने के लिए काफी शक्तिशाली हैं। 13 और 14 दिसंबर (दोनों दिन) यह फट सकते हैं। बताया गया है कि गुरुवार आधीरात बाद 12 बज कर 54 मिनट पर इन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सुबह 6 बजकर 23 मिनट पर श्रीनिवासपुरी के कैम्ब्रिज स्कूल और 6 बजकर 35 मिनट पर डीपीएस अमर कॉलोनी के स्कूल ने ई-मेल देखा। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग के अनुसार भटनागर पब्लिक स्कूल पश्चिम विहार-2 की कॉल सबह 4:21 बजे, कैम्ब्रिज स्कूल श्रीनिवासपुरी की कॉल सुबह 6:23 बजे, डीपीएस ईस्ट ऑफ कैलाश की कॉल सुबह 6:35 बजे, साउथ दिल्ली पब्लिक स्कूल डिफेंस कॉलोनी की कॉल 7:57 बजे, दिल्ली पुलिस पब्लिक स्कूल सफदरजंग एनक्लेव की कॉव 8:02 बजे और वेंकटेश पब्लिक स्कूल रोहिणी की कॉल 8:30 बजे मिली।

# पहाड़ों पर बर्फबारी, कई राज्यों में बढ़ा रही ठंड



एजेंसी

**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर बर्फबारी की वजह से शीतलहर ने पारा काफी लुढ़का दिया है। मैदानी इलाकों में इस समय कड़ाके की ठंड देखने को मिल रही है। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली और राजस्थान में मौसम विभाग ने कोहरे और शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। वहीं केरल, तमिलनाडु में कई जगहों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक राजधानी दिल्ली में शीतलहर की स्थित बन रही है। शुक्रवार सुबह पारा 4.3 डिग्री के करीब पहुंच गया। मौसम विभाग का कहना है कि अभी दिल्ली में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। हालांकि धूप से लोगों को कुछ राहत मिलेगी। दिनभर बर्फीली हवाओं का भी प्रभाव बना रहेगा। 17 दिसंबर को दिल्ली एनसीआर में घना कोहरा छाने की संभावना है। स्काइमेट वेदर के मुताबिक श्रीलंका के तट पर बना निम्न दबाव का क्षेत्र अब मन्नार की खाड़ी के आसपास पहुंच गया है। यह प्रणाली दक्षिण तमिलनाडु की ओर बढ़ सकती है। इसके असर से तटीय आंध्र प्रदेश और तटीय तमिलनाडु में गुरुवार को भी बारिश हुई। इसके अलावा केरल, आंतरिक कर्नाटक में भी हल्की बारिश हुई। दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत, पूर्व और उत्तर में दिन और रात दोनों के तापमान में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है।

मुजफ्फराबाद, लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में बारिश की संभावना है। इसके अलावा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी में इजाफा हो सकता है। तटीय आध्र प्रदेश, रायलसीमा, केरल और दक्षिणी आंतरिक कर्नाटक में भारी बारिश हो सकती है। अंडमान और लक्षद्वीप में भी हल्की बारिश की संभावना है। केरल के कोल्लम, एनार्कुलम, इडुक्की और त्रिशूर में मध्यम बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग के मुताबिक कश्मीर घाटी में न्यूनतम तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पुलवामा, शोपियां और बारामुला में हल्की बर्फबारी हुई। इसके अलावा गुलमर्ग, तंगमार्ग, जोजिला दर्रे और गुरेज में भी बर्फबारी हुई है।

## थाने के बाहर आईईडी लगाने के आरोप में दो गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने अमृतसर के अजनाला पुलिस थाने के बाहर बम रखने के मामले में मॉड्यूल का खुलासा करके दो सिख युवकों को पकड़ा है, जिसमें से एक नाबालिग है। हालांकि, दोनों ने पूछताछ में अजनाला थाने में आईईडी लगाने के साथ ही अन्य हमलों को अंजाम देने की बात कबूली है। पुलिस महानिदेश गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि इस मॉड्यूल को विदेशी गैंगस्टर गुरदेव सिंह उर्फ जस्सल उर्फ पहलवान चला रहा था कि जो तरनतारन के गांव झबाल का रहने वाला है। गिरफ्तार किया गया दूसरा साथी नाबालिग है।उन्होंने बताया कि दोनों आरोपित पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई के इशारे पर खालिस्तानी आतंकी हरविंदर रिंदा और हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासियां के इशारे पर काम कर रहे थे।

# जेके लोन अस्पताल में फरवरी में शुरू होगी सीटीवीएस यूनिट

एजेंसी

**जयपुर।** जयपुर के सरकारी अस्पताल जे के लोन में साल 2025 के दूसरे माह यानी फरवरी से सीटीवीएस (कार्डियो थेरेसिक वैस्कुलर सर्जरी) यूनिट की शुरूआत हो जाएगी। इस यूनिट के शुरू होने के बाद यहां भर्ती दिल की बीमारी से संबंधित बच्चों को सर्जरी के लिए दूसरे अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा। अभी बच्चों के दिल का ऑपरेशन एसएमएस अस्पताल में किया जाता है। जेके लोन अस्पताल के अधीक्षक ने बताया कि पिछले डेढ़-दो साल से प्रयास के बाद ये काम शुरू हो पाया है। पहले भी प्रस्ताव भेजा था लेकिन मौजूदा भजनलाल सरकार ने इसके लिए 20 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। इसके बाद यहां यूनिट बनाने का काम शुरू हो गया है। अस्पताल में करीब 30 बेड जनरल और आईसीयू वार्ड होंगे। इसके अलावा यहां कैथलैब बनाई जा चुकी है। जल्द ही सर्जरी के अन्य उपकरण लाए जाएंगे, जिसके बाद ये यूनिट शुरू हो जाएगी। अधीक्षक ने बताया कि इस यूनिट को बनाने का काम शुरू कर दिया है और कॉन्ट्रेक्टर को जनवरी के आखिरी तक काम पूरा करने का लक्ष्य दिया है। संभावना है कि फरवरी के बीच या आखिर तक यूनिट शुरू हो जाएगी, ताकि बीमार बच्चों को एसएमएस जाने के लिए परेशान न होना पड़े। डॉक्टर के मुताबिक देश में 3 से 5 फीसदी बच्चों में जन्मजात दिल की बीमारी के मामले सामने आते हैं। इसमें दिल में छेद सबसे कॉमन है।

## जापान में प्रजननदर सुधारने कर्मचारियों को हफ्ते में मिलेगी 3 दिन छुट्टी

एजेंसी

**टोक्यो।** जापान की राजधानी टोक्यो में प्रजनन दर में सुधार लाने के लिए नई पहल शुरू की है। अगले साल से ऑफिस में यहां 4-वर्किंग डेज के नियम लागू किए जाएंगे। अब लोगों को सप्ताह में सिर्फ चार दिन काम करना होगा। टोक्यो गवर्नर ने ऐलान किया है कि अगले साल अप्रैल माह से कर्मचारियों के पास ऑप्शन होगा कि वह सप्ताह में तीन दिन ऑफ ले सकेंगे। पिछले कुछ सालों में देखा गया है कि लोग अपने बच्चों के पालन-पोषण के चलते अपना करियर छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। लोगों के बच्चे पैदा न करने के पीछे भी यह एक बड़ा कारण माना जा रहा है। बीते कुछ सालों की नीतियों की वजह से देश का प्रजनन दर बहुत खराब स्थिति में है। इसमें सुधार लाने की लिए स्थानीय प्रशासन कई नए तरीके अपनाए जा रहे हैं। गवर्नर ने कहा कि इस दौरान हम काम के तरीके फ्लेग्सिबिलिटी लाएंगे और यह तय करेंगे कि किसी को बच्चे को जन्म देने या फिर बच्चे की केयर करने की वजह से अपना करियर न छोड़ना पड़े। यह पहल जापानी जोड़ों के बीच बच्चों के जन्म को प्रोत्साहित करने के लिए है। टोक्यो प्रशासन के मुताबिक यह योजना उन माता-पिता के लिए सहायक होगी जिनके बच्चे प्राथमिक विद्यालय में हैं।

## पार्थ चटर्जी को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को कैश-फॉर-स्कूल जॉब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निचली अदालत को 31 दिसंबर को पार्थ चटर्जी के खिलाफ आरोप तय करने पर फैसला करना चाहिए। पिछली सुनवाई में पार्थ चटर्जी की ओर से पेश हुए वकील ने कहा था कि पूर्व मंत्री पिछले दो साल और दो महीने से जेल में हैं और उन्हें जमानत मिलनी चाहिए। इस साल अप्रैल में कलकत्ता हाईकोर्ट ने मामले में चटर्जी को जमानत देने से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चटर्जी को 1 फरवरी, 2025 को रिहा किया जाएगा।

# बॉलीवुड आइकोनिक स्टार अवार्ड शो का भव्य आयोजन




एजेंसी

**मुम्बई** । दूसरे इंटरनेशनल मुम्बई कार्निवल म्युजिक ऐंड डांस कंपटीशन / फेस्टिवल और बॉलीवुड आइकोनिक स्टार अवार्ड शो 2024 का आयोजन मुम्बई में किया गया जो बेहद सफल और भव्य रहा। यहां कई हस्तियां अतिथि के रूप में हाजिर हुईं जिन्हें सम्मान से नवाजा गया, जिनमे मशहूर संगीतकार दिलीप सेन, बॉडी बिल्डर अब्दुल्लाह पठान, सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर ईशान मसीह, ?क्टर अली खान के पुत्र फैयाज अली खान, नवाब अली खान, जूनियर अनिल कपूर आरिफ खान, नदीम बाबा, रहमान साहेब, अरविंद कुमार, कमाल मलिक का नाम उल्लेखनीय है। आसाम और गोवाहटी से आए बच्चो ने यहां आसामी लोकगीतों पर अपनी नृत्य की प्रतिभा दिखाई। रीडोम इवेंट्स मैनेजमेंट के डायरेक्टर चयानिका देवी और न्यूटन हजारिका हैं, मुम्बई कार्निवल के आयोजन में बॉलीवुड कोरियोग्राफर सरफराज डी खान और हैदर ईशान ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सरफराज डी खान ने कहा कि आसाम में 2 हजार बच्चों में से 200 बच्चे सेलेक्ट होकर मुम्बई आए जिन्होंने इस डांस प्रतियोगिता में भाग लिया। आसाम में कलाकार बहुत अच्छे हैं मगर उन्हें सही प्लेटफार्म नहीं मिल पाता। मुम्बई कार्निवल उनके लिए एक शानदार माध्यम है। वे सब काफी तैयारियों के साथ आए और यहां सभी ने उनकी परफॉर्मेंस को पसन्द किया। यहां जो बेस्ट डांसर सेलेक्ट किया जाएगा उन्हें अगले साल दुबई में होने वाले शो में परफॉर्मेंस का मौका मिलेगा।

# संसद पर हुए आतंकवादी हमले के 23 साल पूरे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संसद पर हुए आतंकवादी हमले के आज यानी शुक्रवार को 23 साल पूरे हो गए। 2001 में हुए इस हमले में कई जवान शहीद हो गए थे। संसद की सुरक्षा में लगे जवानों ने अपनी जान की परवाह किए बगैर आतंकवादियों का मुकाबला किया था। आतंकवादियों को रोकने में दिल्ली पुलिस, सीआरपीएफ और संसद के वॉच एंड वार्ड स्टाफ के नौ सदस्य भी शहीद हुए थे।



संसद की रक्षा करने में शहीद हुए जवानों को याद करते हुए हर साल उन्हें 13 दिसंबर को श्रद्धांजलि दी जाती है। इस मौके पर आज शुक्रवार को भी संसद भवन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह कांग्रेस के नेता खड़गे समेत कई नेताओं ने जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। पीएम मोदी ने शुक्रवार को 2001 में संसद हमले में अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुरों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनका बलिदान राष्ट्र को हमेशा प्रेरित करेगा। हम उनके साहस और समर्पण के लिए हमेशा आभारी रहेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है। उन्होंने कहा कि कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से अमर शहीदों को सादर श्रद्धांजलि। आज हमने संसद भवन पर हुए आतंकवादी हमले में शहीद हुए मां भारती के वीर जवानों को पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया। आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। वहीं अरविंद केजरीवाल ने संसद हमले के दौरान प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों को सलाम किया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि आज का दिन हमें उन वीर जवानों की याद दिलाता है, जिन्होंने संसद भवन पर हुए आतंकवादी हमले के दौरान देश और हमारे लोकतंत्र के मंदिर की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।

## विजय दिवस पर भारत आएंगे मुक्ति योद्धा

**ढाका।** बांग्लादेश से एक अच्छी खबर आ रही है। 1971 की जंग में पाकिस्तान के खिलाफ लड़े मुक्ति योद्धाओ को बांग्लादेश की केयर टेकर सरकार विजय दिवस के मौके पर भारत भेज रही है। पिछले हफ्ते हुए भारत के विदेश सचिव के दौरे का इसे असर कह सकते है। हर साल भारत 1971 की जंग को विजय दिवस के तौर पर मनाता है। चूँकि ये लड़ाई पूर्वी पाकिस्तान को बांग्लादेश बनाए जाने के लिए लड़ी गई थी। हर साल इस जीत के जश्न में बांग्लादेश की तरफ से मुक्तियोद्धा शारीक होते रहे है। मौजूदा हालात में जब भारत और बांग्लादेश के रिश्ते खराब दौर से गुजर रहे हैं तो ये कयास लगाए जा रहे थे कि हो सकता है कि इस साल से जारी विजय दिवस का जश्न इस बार फीका हो जाएगा।

# नशा मुक्त दिल्ली सुरक्षित भविष्य की ओर एक सामूहिक कदम: दिल्ली पुलिस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने सर्वोदय राष्ट्रीय प्रतिभा विकास विद्यालय, यमुना विहार, दिल्ली में एक प्रभावशाली नशा जागरूकता अभियान का आयोजन किया, जो नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम है। 400 से अधिक छात्रों, शिक्षकों और अधिकारियों की उत्साही भागीदारी के साथ, इस कार्यक्रम ने नशा मुक्त समाज के लिए आशा और प्रतिबद्धता का एक मजबूत संदेश दिया,अश्मिता थिएटर ग्रुप द्वारा नुक्कड़ नाटक दर्शकों ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग के विनाशकारी प्रभावों और इससे निपटने के लिए आवश्यक लचीलेपन को दशार्ते हुए शक्तिशाली



प्रदर्शन देखे। इन प्रदर्शनों ने छात्रों को आकर्षित और शिक्षित किया, जिससे एक स्थायी प्रभाव पड़ा,छात्रों ने नशा मुक्त दिल्ली के दृष्टिकोण को बढ़ावा देने वाली विचारोत्तेजक कलाकृति प्रदर्शित की। कलाकृति ने एक स्वस्थ, व्यसन मुक्त समाज के उनके सपनों को खूबसूरती से व्यक्त किया,सैकड़ों छात्रों और शिक्षकों ने ई-प्रतिज्ञा ली, जिसमें उन्होंने नशा मुक्त जीवन जीने और दूसरों को इस आंदोलन में शामिल होने के लिए प्रेरित करने की शपथ ली। यह सामूहिक वादा एक मजबूत समुदाय के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, इस कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि के रूप में एसएचओ भजनपुरा नरेंद्र कुमार,इंस्पेक्टर राकेश दुहान क्राइम ब्रांच,इंस्पेक्टर किरण पाल, नारकोटिक्स स्क्वॉड, उत्तर पूर्वी जिला कई वरिष्ठ लोग शामिल रहे।

# डिब्बाबंद या पैकेट वाले खाद्य पदार्थ बीमारियों को दे रहे आमंत्रण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एक नई रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया है कि कुछ प्रमुख वैश्विक कंपनियां भारत जैसे निम्न आय वाले देशों में, उच्च आय वाले देशों की तुलना में कम पौष्टिक खाद्य उत्पाद बेच रही हैं। इस अध्ययन में स्वास्थ्य स्टार रेटिंग प्रणाली का इस्तेमाल किया गया है, जिसमें उत्पादों को एक मानक के मुताबिक एक से पांच के बीच बताया जाता है। इसमें 3.5 या उससे ज्यादा रेटिंग वाले उत्पादों को स्वस्थ माना जाता है। डिब्बाबंद या पैकेट वाले खाद्य पदार्थों का चलन बढ़ा है। शहरीकरण, बदलती जीवनशैली और सुविधाजनक विकल्पों की तलाश ने इन उत्पादों का घर-घर इस्तेमाल होने लगा है। हालांकि यह



प्रवृत्ति जितनी तेजी से बढ़ी है, उतनी ही तेजी से इस पर सवाल भी उठने लगे हैं। रिपोर्ट में पैकेट वाले खाद्य पदार्थ के उन पहलुओं को उजागर किया गया है, जो न केवल उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं, बल्कि इससे जुड़े उद्योग की नैतिकता और दोहरे मानकों पर भी सवाल खड़े करते हैं। यह समस्या केवल खाद्य उत्पादों तक सीमित नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक निम्न-आय वाले देशों में इन उत्पादों की औसत रेटिंग 1.8 है, जबकि उच्च-आय वाले देशों में यह 2.3 थी। इससे यह साबित होता है कि गरीब देशों में कम गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थ बेचे जा रहे हैं, जो वहां के उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। दरअसल, इन देशों में पैकेट में बिकने वाले खाद्य उत्पादों में चीनी, नमक और ह्यसैचुरेटेड फैटह्न की मात्रा ज्यादा पाई गई। भारत में पेप्सिको के केवल 28 फीसदी, यूनिलीवर के 16 फीसदी और मोंडेलेज के मात्र दस फीसदी उत्पाद स्वास्थ्य के न्यूनतम मानकों पर खरे उतरते हैं। इन कंपनियों के उत्पादों में पोषण की कमी है और इन्हें लंबे समय तक खाने से मोटापा, मधुमेह, हृदय रोग और अन्य गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। भारत में जहां पहले से ही स्वास्थ्य सेवाएं कमजोर हैं और आम जनता के पास स्वास्थ्य देखभाल के सीमित साधन हैं, वहां इस प्रकार के उत्पादों का प्रसार स्थिति को और गंभीर बना देता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य, उपभोक्ता अधिकार और वैश्विक न्याय जैसे बड़े मुद्दों से भी जुड़ी है। डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ झटपट तैयार हो जाते हैं, उपभोक्ताओं को स्वाद भी देते हैं। यात्रा में यह सुविधाजनक होते हैं। इन खाद्य पदार्थों ने एक विकल्प के रूप में अपनी पहचान बना ली है, लेकिन इस सुविधा की कीमत उपभोक्ताओं को अपने स्वास्थ्य से चुकानी पड़ रही है। भारत में पैकेट फूड बनाने वाले उद्योग का तेजी से विस्तार हुआ है। यह उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था का एक अहम हिस्सा बन गए हैं, लेकिन इस उद्योग के बढ़ते प्रभाव के साथ, इसके नकारात्मक पहलुओं पर भी ध्यान देना जरुरी है।

## विजय दिवस समारोह में शामिल हो सकता है बांग्लादेश का प्रतिनिधिमंडल

एजेंसी

**कोलकाता।** बांग्लादेश के एक प्रतिनिधिमंडल के 16 दिसंबर को कोलकाता में आयोजित होने वाले विजय दिवस समारोह में शामिल होने की संभावना है। रक्षा सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सोलह दिसंबर, 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारतीय सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक जीत की याद में हर साल विजय दिवस मनाया जाता है।पूर्वी पाकिस्तान में पाकिस्तानी शासन का विरोध करने वाले गुरिल्ला प्रतिरोध बल का हिस्सा रहे ह्यमुक्ति योद्धाह्न और बांग्लादेश सशस्त्र बलों के सेवारत अधिकारियों का एक बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल हर साल कोलकाता में भारतीय सेना की पूर्वी कमान द्वारा आयोजित ह्यविजय दिवसह्न समारोह में शामिल होता है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि 16 दिसंबर के समारोह में बांग्लादेश का एक प्रतिनिधिमंडल भी शामिल हो सकता है, हालांकि उन्होंने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों की संख्या के बारे में कोई विवरण नहीं दिया। सेना की पूर्वी कमान 1971 के युद्ध में पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में विजय दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित करेगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पूर्वी कमान मुख्यालय के मेजर जनरल-जनरल स्टॉफ (एमजीजीएस) मेजर जनरल मोहित सेठ ने हाल में कहा था कि 16 दिसंबर को फोर्ट विलियम में विजय स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी।

**खास खबर**

## हेडन ने भारतीय बल्लेबाजों और गेंदबाजों को दी सलाह

**ब्रिसबेन।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने तीसरे क्रिकेट मैच को लेकर भारतीय गेंदबाजों और बल्लेबाजों को सलाह दी है। हेडन ने भारतीय गेंदबाज को शनिवार से गाबा में होने वाले तीसरे टेस्ट में पिच के उछाल का लाभ उठाना चाहिये। हेडन के अनुसार भारतीय गेंदबाजों को चौथी और पांचवीं स्टंप लाइन को लक्ष्य बनाते हुए गेंदबाजी करनी चाहिये। भारतीय टीम के गेंदबाज एडिलेड में खेले गये गुलाबी गेंद वाले दूसेर टेस्ट में प्रभावी नहीं रहे थे। उसी को देखते हुए हेडन ने भारतीय गेंदबाजों को ये सलाह दी है। पांच टेस्ट मैचों की सीरीज अभी 1-1 से बराबरी पर है। भातरीय टीम ने पहला जबकि ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा टेस्ट जीता है। हेडन ने कहा कि भातरीय गेंदबाजों को चौथी और पांचवीं स्टंप लाइन पर थोड़ा और अधिक भरोसा करना चाहिए। इसके साथ ही सबसे उन्हें उछाल का उपयोग करना चाहिये। हेडन ने कहा कि ब्रिसबेन में तेज गेंदबाजी इकाई को उछाल का इस्तेमाल करना आना चाहिये। साथ ही कहा कि ऑस्ट्रेलिया के पास गुलाबी गेंद से खेलने की कला है और वे इससे बहुत मैच जीत चुके हैं।

## युगांडा, तंजानिया ने जीती फुटबॉल चैम्पियनशिप

**कंपाला।** युगांडा और तंजानिया ने अफ्रीकी फुटबॉल परिसंघ (सीएएफ) स्कूल फुटबॉल चैम्पियनशिप का खिताब जीत लिया है। सेंट नूह गर्ल्स स्कूल की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाली युगांडा की टीम सात अंक प्राप्त करके लड़कियों की श्रेणी में चैंपियन बनी। युगांडा ने गुरुवार को मध्य युगांडा के किटेंडे स्थित सेंट मैरी स्टेडियम में खेले गए अपने आखिरी मैच में रवांडा को 8-0 से हराया। दूसरे मैच में तंजानिया ने बुरुंडी को 1-0 से हराकर सात अंक प्राप्त किए, लेकिन कम गोल अंतर के कारण वह युगांडा से पीछे रह गया। लड़कों की श्रेणी में, तंजानिया रवांडा को 2-0 से हराकर युगांडा से बेहतर गोल अंतर के साथ चैंपियन बनकर उभरा, क्योंकि दोनों टीमें छह अंकों पर बराबरी पर थीं। गुरुवार को श्रेणी के दूसरे मैच में, सोमालिया और बुरुंडी ने गोल रहित ड्रॉ खेला। टूनामेंट में पाँच लड़कों की टीमें और चार लड़कियों की टीमें शामिल थीं। प्रत्येक श्रेणी के चैंपियन को एक ट्रॉफी, स्वर्ण पदक और 100,000 अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार दिया जाता है।

## मिताली राज ने छोड़ी गुजरात जायंट्स

**अहमदाबाद।** फरवरी 2025 में शुरू होने वाली विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के तीसरे सत्र से पहले मिताली राज ने गुजरात जायंट्स छोड़ दी है। वहीं डेनियल मार्श को बल्लेबाजी और प्रवीण तांबे गेंदबाजी कोच के रूप में गुजरात टीम के कोचिंग दल में शामिल हो गए हैं। गुजरात जायंट्स की मेंटॉर रही मिताली अब आंध्रा क्रिकेट एसोसिएशन से जुड़ गई हैं, जहां वह सीनियर टीम के साथ काम करने के अलावा राज्य की टीम को तैयार करने पर भी काम करेंगी। पहले दो सत्र तक फैंचाइजी में सहायक कोच की भूमिका निभाने वाली पूर्व भारतीय स्पिनर नूशीन अल खदीर भी अब कोचिंग दल का हिस्सा नहीं होंगी।

# भारत-आस्ट्रेलिया तीसरा टेस्ट का मुकाबला आज से

- भारत दे चुका है करारी शिकस्त
- रोहित ब्रिगेड के हौसला बुदंल, कंगारु भी उस हार को चाहेगा भुलाना




एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारत-आस्ट्रेलिया का तीसरा टेस्ट गाबा में होने वाला है जिसको लेकर आस्ट्रेलिया ने टीम का ऐलान भी कर दिया है। गाबा वह मैदान है जहां आस्ट्रेलिया को हराना मुश्किल होता है लेकिन 2021 में गाबा में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराया था। यह बात रोहित ब्रिगेड का हौसला बुदंल कर रही है। ऑस्ट्रेलिया भी उस हार को भुलाना चाहेगा। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिचेल मार्श ने कहा कि यह वक्त उस हार के बारे में सोचने का नहीं है। इसकी बजाय टीम को एडिलेड की तरह वापसी करने की अपनी क्षमता पर ध्यान देना होगा। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के 2021 में गाबा टेस्ट मैच में ऋषभ पंत और शुभमन गिल की शानदार पारियों के दम पर हार का मजा चखाया था। यह ऑस्ट्रेलिया की इस मैदान पर 1988 के बाद पहली हार थी। अब दोनों टीमें 14 दिसंबर से फिर आमने-सामने आने वाली हैं। यह पांच मैचों की सीरीज का तीसरा टेस्ट है। दोनों टीमें अभी 1-1 मैच जीत कर बराबर हैं। ऐसे में तीसरा टेस्ट बहुत अहम माना जा रहा है। मिचेल मार्श ने तीसरे टेस्ट मैच से पहले प्रैक्टिस सेशन में कहा कि पहले क्या हुआ अभी हमारे पास उसके बारे में सोचने का समय नहीं है। अभी हम केवल उन चीजों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो वर्तमान में अहम हैं। पर्थ में पहले टेस्ट मैच में हार के बाद हमने जिस तरह से वापसी की यह उसका एक उदाहरण है। इसलिए हम अपनी शैली की क्रिकेट खेलने पर ध्यान दे रहे हैं। मार्श ने अपनी फिटनेस के बारे में कहा कि मेरी पीठ में दर्द था लेकिन अब मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। मार्श ने पहले दो टेस्ट मैच में बहुत अधिक गेंदबाजी नहीं की लेकिन उन्होंने कहा कि यह टीम की रणनीति का हिस्सा है। मिचेल मार्श ने तेज गेंदबाज जोस हेजलवुड की फिटनेस की स्थिति का स्पष्ट ब्यौरा नहीं दिया जो मांसपेशियों में खिंचाव के कारण दूसरे टेस्ट मैच में नहीं खेले थे।

### तीसरा टेस्ट मैच करेगा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के भाग्य का फैसला : शास्त्री

नई दिल्ली । गाबा में खेले जाने वाला तीसरा टेस्ट मैच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के भाग्य का फैसला करेगा। यह दावा है भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का। पूर्व भारतीय क्रिकेटर शास्त्री ने कहा, जो भी टीम यह टेस्ट मैच जीतेगी, वह अंततः सीरीज जीतने में कामयाब होगी। मेरे मन में इस बात को लेकर कोई संदेह नहीं है। भारत, पिछली बार की यादगार जीत के आत्मविश्वास के साथ गाबा पहुंचा है। 2020-21 में, भारतीय टीम ने इसी मैदान पर ऑस्ट्रेलिया को हराकर 2-1 से श्रृंखला जीती थी। यह ऑस्ट्रेलिया की 1989 के बाद इस मैदान पर पहली टेस्ट हार थी, जिसे भारतीय टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन से दर्ज किया। शास्त्री ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को सलामी बल्लेबाजी की भूमिका में वापस लाने की बात दोहराई। उन्होंने कहा,पिछले 8-9 वर्षों में रोहित ने ओपनिंग क्रम पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। ऐसा नहीं है कि वह अचानक चमत्कार कर देंगे, लेकिन वह कर सकते हैं। यह वही जगह है जहां से वह ऑस्ट्रेलिया को नुकसान पहुंचाने के लिए पहला वार कर सकते हैं। हालांकि, एडिलेड टेस्ट में रोहित का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। उन्होंने दोनों पारियों में क्रमशः 3 और 6 रन बनाए, जो उनके खराब दौर का संकेत है। लेकिन शास्त्री का मानना है कि रोहित को उनकी क्षमता के अनुरूप सही स्थिति में खेलने का मौका दिया जाना चाहिए।

## हैरी विश्व के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाज : पोंटिंग

एजेंसी

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक की जमकर प्रशंसा की है। पोंटिंग ने कहा कि हैरी इस समय विश्व के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाज हैं। पोंटिंग के अनुसार हैरी सभी प्रारुपों में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज हैरी आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में अपने ही देश के जो रुट को छोड़कर नंबर एक पर पहुंच गये हैं। ब्रूक ने न्यूजीलैंड के दौरे के दौरान क्राइस्टचर्च में खेले गए पहले टेस्ट में 171 रन बनाए थे। वहीं वेलिंगटन में दूसरे टेस्ट में उन्होंने 123 और 55 रन बनाए। उनका विदेशी धरती पर टेस्ट में औसत 89.35 है, जबकि घरेलू धरती पर उनका औसत केवल 38.05 रन है।



घर से बाहर पहले 10 टेस्ट मैचों में उनके नाम सबसे अधिक सात शतक हैं जबकि डोनाल्ड ब्रैडमैन, नील हार्वे सहित अन्य बल्लेबाजों के केवल 6 शतक हैं। पोंटिंग ने कहा कि घर से बाहर 8 या 9 शतकों में से यह उनका सातवां शतक है और इस तरह से वह क्लास के साथ रन बनाते हैं और वह उन्हें इस नई व्यवस्था के तहत तेजी से हासिल करते हैं और मुझे उन्हें खेलते हुए देखना पसंद है। वह मेरे विचार से इस समय दुनिया का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाज है। वह कुछ अद्भुत चीजें कर रहा है और उनमें से ज्यादातर वह घर से बाहर कर रहा है।

हैरी ने साल 2022 में अपना टेस्ट डेब्यू करने के बाद से ही अबतक 23 मैचों की 38 पारियों में 61.62 की औसत से 2,280 रन बनाये हैं। पोंटिंग ने 2023 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी में इस क्रिकेटर को दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच के रूप में 4 करोड़ रुपए में शामिल किया था पर वह निजी कारणों से आईपीएल 2024 में शामिल नहीं हो सके थे।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में नहीं खेलेंगे शमी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फिटनेस चिंता का विषय बनी हुई है, जिससे ऑस्ट्रेलिया में चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए उनकी उपलब्धता पर संदेह है। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने शमी को अंतरराष्ट्रीय टीम के लिए मंजूरी देने की संभावना नहीं है, जब तक कि वह पूरी तरह फिट नहीं हो जाते। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 में बंगाल का अभियान बेंगलुरु में बड़ौदा के खिलाफ क्वार्टर फाइनल हार के साथ खत्म हुआ। शमी जोकि आखिरी बार वनडे विश्व कप 2023 में खेले थे, चोट के बाद वापसी कर रहे हैं।



भारतीय प्रशंसकों को उम्मीद थी कि मोहम्मद शमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया में वापसी करेंगे। उनकी वापसी योजना के अनुसार नहीं हुई है। अब शमी विजय हजारे ट्रॉफी में शामिल होंगे। जो दिसंबर के बीच में शुरू होगी। सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शमी के साथ तीन बार ऐसा हुआ जब उन्होंने 4 ओवर के स्पैल में 10 से ज्यादा की इकोनमी से रन बनाए। शमी ने 9 मैचों में 11 विकेट लिए। माना जा रहा है कि एनसीए उन्हें मार्च 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में संभावित वापसी के लिए तैयार करना चाहती है। वह आईसीसी के प्रमुख 50 ओवर के टूनामेंट के लिए अहम होंगे। भारत शमी की सेवाओं के बिना अपना ऑस्ट्रेलिया दौरा जारी रखेगा। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम का लक्ष्य शनिवार से ब्रिस्बेन के गाबा में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में वापसी करना है।

## डॉक्टर मोहम्मद जाकिर ने किया 17वीं स्नूकर एवं पुल चैंपियनशिप का उद्घाटन



एजेंसी

**रांची ।** 17 वीं स्नूकर एवं पुल चैंपियनशिप का उद्घाटन डॉक्टर मोहम्मद जाकिर ने किया। स्टेट चैंपियन यश किंगर ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया । एक सप्ताह तक चलने वाले इस टूनामेंट में मास्टर स्नूकर 15 रेड्स, मास्टर स्नूकर 6 रेड्स, मिनी स्नूकर 15 रेड्स, मिनी स्नूकर, 6 रेड्स और 9 बॉल्स के इवेंट्स होने हैं। इस टूनामेंट में झारखंड के विभिन्न जिलों एवं बिहार तथा उड़ीसा के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं । विजेताओं एवं उपविजेताओं को नकद राशि, ट्राफी, टी शर्ट एवं क्लब का मेंबरशिप दिया दिया जाएगा । उद्घाटन समारोह में इंद्र, टीपू, नील, तनवीर, मेजर, नितेश, दशरथ, समीर, शादान, ऐजाज, अनुज, उत्कर्ष, राहुल, यश दास सहित अन्य खिलाड़ी उपस्थित थे।

## पीसीबी से नाराज गिलेस्पी छोड़ेंगे कोच पद


**लाहौर ।** पाकिस्तान की टेस्ट टीम के कोच जैसन गिलेस्पी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पीसीबी से नाराज चल रहे हैं और माना जा रहा है कि वह शीघ्र ही अपना पद छोड़ देंगे। पीसीबी ने जिस प्रकार पिछले कुछ महीनों में उनकी भूमिका और अधिकारों को सीमित किया है उससे वह उपेक्षित अनुभव कर रहे हैं। अक्टूबर में उन्हें टेस्ट टीम के चयन पैनल से हटा दिया गया। उन्हें कहा गया कि अब वे केवल मैच के लिए रणनीतकार हैं। कोच गैरी कर्स्टन के जाने के बाद गिलेस्पी ने अंतरिम आधार पर टीम को कोचिंग दी थी। वहीं गिलेस्पी के कहने पर टिम नीलसन की इस साल अगस्त में हाई-परफॉर्मेंस रेड-बॉल कोच बनाया गया था। उनके अनुबंध को पाकिस्तान के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद रिन्यू करना था पर ऐसा नहीं किया गया है।

## बांग्लादेश के खिलाफ वेस्टइंडीज की टीम घोषित

- शाई होप, शेरफेन रदरफोर्ड बाहर

एजेंसी

**किंग्सटाउन।** वेस्टइंडीज ने घरेलू मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर दी है। विकेटकीपर-बल्लेबाज शाई होप और बाएं हाथ के बल्लेबाज शेरफेन रदरफोर्ड को टीम से बाहर कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग में खेलने के कारण इस जोड़ी को बाहर कर दिया गया, रोवमैन पॉवेल एक बार फिर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में वेस्टइंडीज का नेतृत्व करेंगे। फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज कीसी कार्टी ने सेंट किट्स में बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे में 95 रन बनाकर पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय कॉल-अप हासिल किया, जबकि अनुभवी बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स भी चोट के कारण हाल ही में सीरीज गंवाने के बाद वापस लौटे हैं।



वेस्टइंडीज के कोच डेरेन सैमी ने कहा कि टीम को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के 2026 संस्करण को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा, कार्टी ने हमें दिखाया है कि वह उस प्रारूप में एक बल्लेबाज हो सकता है, और बांग्लादेश के खिलाफ खेलते हुए, एक ऐसी टीम जिसे हम हल्के में नहीं ले सकते, हमें डेक पर सभी की जरूरत है। हमारे पास उपलब्ध खिलाड़ियों के साथ टीम का सावधानीपूर्वक चयन किया गया था, और मुझे विश्वास है चैंपियनशिप जीतने के लिए आवश्यक अनुभव के साथ यह हमारी सबसे व्यवस्थित टीम है।"

वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के बीच तीनों मैच सेंट विंसेंट में होंगे, पहला मुकाबला 15 दिसंबर से शुरू होगा। दूसरा मैच ,17 और तीसरा 19 दिसंबर को खेला जाएगा।

वेस्टइंडीज की टीम इस प्रकार हैः रोवमैन पॉवेल (कप्तान), ब्रैंडन किंग (उप-कप्तान), कीसी कार्टी, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, जस्टिन ग्रीव्स, टेरेंस हिंड्स, अकील होसेन (केवल पहले दो मैच), जेडन सील्स (केवल तीसरा मैच), अल्जारी जोसेफ , एविन लुईस, ओबेद मैककॉय, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, रोमारियो शेफर्ड, शमर स्प्रिंगर।

## यशस्वी की देरी से काफी नाराज हुए रोहित शर्मा

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** तीसरे टेस्ट से पहले युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की देरी से भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा काफी नाराज हुए। भारतीय टीम को सुबह 10 बजे ब्रिस्बेन के लिए फ्लाइट पकड़नी थी, जिसके लिए होटल से रवाना होने का समय सुबह 8:30 बजे निर्धारित था। हालांकि, यशस्वी जायसवाल करीब 20 मिनट की देरी से होटल की लॉबी में पहुंचे। इस दौरान कप्तान रोहित शर्मा, कोच गौतम गंभीर और बाकी टीम बस में बैठे उनका इंतजार कर रहे थे। देरी के चलते टीम ने जायसवाल के बिना ही एयरपोर्ट के लिए रवाना होने का फैसला किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रोहित शर्मा इस घटना से खासे नाराज दिखे। हालांकि, टीम प्रबंधन ने जायसवाल के लिए पहले से ही एक अलग कार की व्यवस्था कर रखी थी। वे वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी के साथ उस वाहन में यात्रा करके एयरपोर्ट पहुंचे। इस घटना ने कप्तान रोहित शर्मा की अनुशासन पर जोर देने की गंभीरता को उजागर किया है। भारतीय टीम एडिलेड टेस्ट में मिली करारी हार के बाद ब्रिस्बेन में वापसी की उम्मीद कर रही है।




गुलाबी गेंद से खेले गए एडिलेड टेस्ट में भारतीय टीम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा था, जहां ऑस्ट्रेलिया ने मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस और ट्रैविस हेड के शानदार खेल की बदौलत भारत को 10 विकेट से हराया। पर्थ में भी भारतीय टीम को 295 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मैथ्यू हेडन ने भारतीय बल्लेबाजों को आगामी ब्रिस्बेन टेस्ट में संयम और सटीकता के साथ खेलने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि भारतीय बल्लेबाजों को कठिन परिस्थितियों में खुद को साबित करना होगा और ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के खिलाफ एक ठोस

## करोड़ों की कमाई कर रहे युवराज

एजेंसी

**चंडीगढ़ ।** भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह को संन्यास लिए काफी समय हो गया है। इसके बाद भी युवराज विज्ञापनों से जमकर कमाई कर रहे है। वह विज्ञापनों से ही हर माह करीब एक करोड़ की कमाई कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार युवराज की नेट वर्थ करीब 291 करोड़ रुपये है। 2011 विश्वकप में भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले युवराज ने साल 2019 में क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। इसके बाद भी आज वह कई बड़े ब्रांड से जुडें है। युवराज ने कई स्टार्टअप्स शुरू किए हैं जिससे भी



उन्हें अच्छी खासी कमाई हो रही है। संपत्ति करीब 50 करोड़ से ज्यादा है. युवराज सिंह के पास मुंबई में करोड़ों रुपये की कीमत वाले दो आलीशान अपार्टमेंट हैं। उन्होंने साल 2013 में वर्ली में लग्जरी आवासीय टॉवर में दो अपार्टमेंट खरीदने के लिए 64 करोड़ खर्च किए थे। उनके पास गोवा में भी एक घर है जबकि चंडीगढ़ में के हवेली है।

युवराज सिंह के पास कई लक्जरी कारें हैं। उनके पास बेंटले कॉन्टिनेंटल जीटी, लॉम्बिरगिनी मरसिएलागोए बीएमडब्ल्यू एम5 ई60, बीएमडब्ल्यू एक्सएम 6ट और ऑडी क्यू 5 गाड़ियां है। युवराज के करियर की बात करें तो 40 टेस्ट में 1900 रन बनाए जबकि 304 वनडे में उन्होंने 8701 रन बनाए। वहीं 58 टी20 इंटरनेशनल मैचों में उनके नाम 1177 रन हैं। उन्होंने टेस्ट में 3 शतक और 11 अर्धशतक जबकि एकदिवसीय में 14 शतक और 52 अर्धशतक लगाये हैं।

## अन्तर्विद्यालयी बैडमिंटन चैम्पियनशिप प्रतियोगिता संपन्न

एजेंसी

**रांची ।** रांची सहोदया स्कूल काम्प्लेक्स छात्रों के सर्वांगीण विकास के क्षेत्र में विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा, कौशल और क्षमताओं को प्रदर्शित करने के लिए अमूल्य मंच प्रदान करता आया है। इस उद्देश्य को समर्पित राँची सहोदया स्कूल काम्प्लेक्स के तत्वावधान में जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली* में दो दिवसीय क्षितिज इंटर स्कूल बैडमिंटन चैम्पियनशिप' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में राँची के शारदा ग्लोबल स्कूल, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, केरली स्कूल, सरला स्कूल पब्लिक स्कूल, चिरंजीवी कांसेप्ट स्कूल, ब्रिजफोर्ड स्कूल, लॉयला कान्वेंट स्कूल, गुरुनानक हाइयर सेकेन्डरी स्कूल, फिरायलाल पब्लिक स्कूल, मनन विद्या मनराखन महतो स्कूल, डीएवी हेहल, गाँधी नगर तथा बरियातु जैसे 13 विद्यालयों के अंडर 17 वर्ष के बालक और बालिका वर्ग के 120 खिलाड़ी छात्रों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता का शुभारम्भ जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली के प्राचार्य सह राँची सहोदया स्कूल काम्प्लेक्स के पूर्व अध्यक्ष समरजीत जाना, वर्तमान अध्यक्षा सह सरला बिड़ला पब्लिक स्कूल की प्राचार्या परमजीत कौर , सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्राचार्य ललन कुमार,कोषाध्यक्ष सह केरली स्कूल के प्राचार्य राजेश पिल्लई, संयक्त सचिव सह साउथ पॉइंट पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सुभाष कुमार पाटनी के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन के बाद औपचारिक घोषणा के साथ हुई। नॉक आउट और टीम गेम के तरीके से हुई




प्रतियोगिता में बालक वर्ग में पहला सेमीफाइनल मैच शारदा ग्लोबल और सरला बिड़ला स्कूल तथा दूसरा सेमी फाइनल डीएवी गाँधी नगर और मनन विद्या के बीच हुआ जिसमें क्रमशः सरला बिड़ला और डीएवी गाँधी की टीम विजयी रही। फाइनल मैच में सरला बिड़ला स्कूल की प्रतिद्वंदी खिलाड़ी को कड़ी टक्कर देते हुए डीएवी गाँधी नगर ने प्रतियोगिता जीत ली। वहीं बालिका वर्ग में पहला सेमीफाइनल गुरुनानक स्कूल और केरली स्कूल तथा दूसरा सेमीफाइनल डीएवी बरियातु और लॉयला कान्वेंट स्कूल के बीच हुआ जिसमें केरली स्कूल और डीएवी बतियातु की टीम ने जीत हासिल की। आज संपन्न हुए फाइनल मैच में डीएवी बरियातु की टीम की केरली स्कूल की टीम को रोमांचक मुकाबले में हराकर विजेता बन कर उभरी।

इस प्रकार बालक वर्ग में डीएवी गाँधी नगर की टीम में अनिकेत सराफ, तन्मय कुमार, आयुष कुमार, अंगराग कुँवर तथा बालिका वर्ग में डीएवी बरियातु की अनन्या सिंह, नंदिता सेन, जिज्ञासा करण और प्राची प्रथम की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डीएवी गाँधी नगर और डीएवी बरियातु को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्कूलों के रूप में मान्यता प्रदान कर ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं तृतीय स्थान पर रहनेवाली, उपविजेता तथा विजेता टीम को मंच पर कांस्य , रजत और स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया।

फिरायलाल पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नीरज कुमार सिन्हा और लॉयला कन्वेंट की प्राचार्या पारोमिता साहा पुरस्कार वितरण समारोह के साक्षी बने। इस दौरान मेजबान स्कूल के प्राचार्य समरजीत जाना ने छात्रों का खेलों के प्रति उनके उत्साह, ऊर्जा और जुनून की सराहना की और कहा कि बैडमिंटन सिर्फ.एक खेल नहीं है, इसमें सटीकता, चपलता और रणनीति शामिल है। यह ऐसा खेल है जिसमें कलाई का एक झटका आपकी किस्मत बदल सकता है। छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि असफलता तभी होती है जब कोई हार मान लेता है, आप सीमाओं से आगे बढ़कर आकांक्षा रखें और अधिक से अधिक उपलब्धियों के लिए करें।



इंडोनेशिया और लाओस के बीच आसियान फुटबॉल फेडरेशन (एएफएफ) मित्सुबिशी इलेक्ट्रिक कप 2024 ग्रुप बी मैच के दौरान लाओस के फेटडावन सोमसानिद के साथ प्रतिस्पर्धा करते इंडोनेशिया के राफेल विलियम स्ट्रूइक (दाएं)।



# पुष्पा 2 को लेकर की गई जेसीबी वाली टिप्पणी पर सिद्धार्थ का यू-टर्न

5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद से ही पुष्पा 2- द रूल ने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। फिल्म की भारी सफलता के बीच सिद्धार्थ को अल्लू अर्जुन अभिनीत फिल्म के पटना इवेंट में एकत्रित भीड़ का मजाक उड़ाने के लिए आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। हालांकि, अब उन्होंने विवाद के बारे में बात की और एक स्पष्टीकरण जारी किया है।

## सिद्धार्थ ने ट्रोलिंग पर तोड़ी चुप्पी

चेन्नई में अपनी फिल्म मिस यू के लिए आयोजित एक प्रेस मीट के दौरान सिद्धार्थ ने पुष्पा 2 पर अपनी टिप्पणियों और अल्लू अर्जुन के साथ किसी भी तरह की समस्या के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब दिया। अभिनेता ने स्पष्टीकरण की आवश्यकता को खारिज कर दिया और फिल्म की टीम को इसकी सफलता के लिए बधाई दी। उन्होंने पहले भाग की भारी लोकप्रियता को स्वीकार किया और कहा कि दर्शकों का सीक्वल के लिए सिनेमाघरों में आना स्वाभाविक था।

## अपनी टिप्पणी पर क्या बोले सिद्धार्थ

सिद्धार्थ ने फिल्मों का समर्थन करने वाली बड़ी भीड़ के महत्व के बारे में भी बात की। उन्होंने उम्मीद जताई कि दर्शक सिनेमाघरों में आना जारी रखेंगे और सिनेमा के फलने-फूलने की जरूरत के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि किसी फिल्म का हिट होना कितना दुर्लभ है और कहा कि निर्माता और कलाकार अपनी कड़ी मेहनत का फायदा उठाने के हकदार हैं।

## सिद्धार्थ ने पेश की सफाई

उन्होंने कहा, मुझे समस्या शब्द से ही दिक्कत है और मुझे नहीं लगता कि मुझे इस पर स्पष्टीकरण देने की जरूरत है। सफलता के लिए पुष्पा 2 की टीम को बधाई। जितनी अधिक भीड़ जुटेगी, उतना अच्छा होगा। आशा है कि भीड़ सिनेमाघरों में भी आएगी। सिनेमा को स्वस्थ होना चाहिए। इससे पहले पुष्पा 2 पर की गई अपनी टिप्पणी पर सिद्धार्थ को काफी ट्रोल भी किया गया था।

## क्या था सिद्धार्थ का बयान

इससे पहले सिद्धार्थ ने पुष्पा 2 कार्यक्रम के लिए पटना में उमड़ी भारी भीड़ पर अपने विचार साझा किए । उन्होंने कथित तौर पर इसे एक प्रचार रणनीति बताया और कहा कि भारत में बड़ी भीड़ एक आम बात है। उन्होंने तर्क दिया कि ऐसी भीड़ हमेशा गुणवत्ता को नहीं दर्शाती। अभिनेता ने कथित तौर पर इस आयोजन की तुलना जेसीबी से खुदाई करने वाली जगह से की और दावा किया कि आयोजन करने से स्वाभाविक रूप से लोग आते हैं और उन्होंने बिहार में लोगों के एकत्र होने को सामान्य बताया।



# प्रेग्नेंसी की खबरों पर सोनाक्षी ने तोड़ी चुप्पी

सोनाक्षी सिन्हा ने इस साल जून में अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के साथ शादी रचाई। निजी समारोह में हुई रजिस्टर मैरिज और फिर रिसेप्शन पार्टी में करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य शामिल हुए। शादी के बाद सोनाक्षी सिन्हा की प्रेन्गेंसी को लेकर अटकलें लग रही हैं। उनकी हालिया तस्वीरें देख नेटिजन्स अक्सर अभिनेत्री से सवाल पूछते हैं कि क्या वे खुशखबरी देने वाली हैं? इस तरह की अफवाहों पर सोनाक्षी ने चुप्पी तोड़ी है।

## मजाकिया अंदाज में किया खंडन

सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी प्रेग्नेंसी की अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस तरह की अकटलों का खंडन अपने चिर-परिचित मजाकिया अंदाज में किया और इसे अपने बढ़ते वजन से जोड़ा। सोनाक्षी ने कहा, मैं बस मोटी हो चुकी हूं। अपने इस बेबाक अंदाज और जवाब के जरिए उन्होंने अफवाहों को विराम दे दिया है। सोनाक्षी ने कर्ली टेल्स के साथ इंटरव्यू के दौरान यह बात कही। सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर चल रहीं अफवाहों को विराम लगाते हुए कहा, दोस्तों, मैं यहां पर कहना चाहती हूं कि मैं प्रेग्नेंट नहीं हूं। मैं बस मोटी हो चुकी हूं। सोनाक्षी सिन्हा ने मजाक में यह भी खुलासा किया कि इस तरह की खबरों को लेकर किसी ने तो उनके पति जहीर इकबाल को बधाई तक दे डाली। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने बातचीत के दौरान हंसते हुए कहा कि शादी के बाद से वे लगातार यात्राओं में व्यस्त हैं।

## इस पोस्ट के बाद शुरू हुई अफवाहें

सोनाक्षी सिन्हा की अफवाहें तब शुरू हुई, जब कपल ने अपने पालतू कुत्ते के साथ एक तस्वीर साझा की। सोनाक्षी सिन्हा ने भी माना की इस तस्वीर के बाद इस तरह के कयास लगने लगे। आगे उन्होंने माना कि इंटरनेट पर यूजर्स की कल्पनाओं की कोई सीमा नहीं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर ने एक-दूसरे को करीब सात साल डेट किया। 23 जून 2024 में इन्होंने शादी रचाकर जिंदगी के नए अध्याय में प्रवेश किया।

# आलिया भट्ट ने ऑल वी इमेजिन एज लाइट के लिए दी पायल कपाड़िया को बधाई



बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया को फिल्म ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट के लिए गोल्डन ग्लोब अवार्ड के लिए नामित होने पर बधाई दी। उन्हें 82वें गोल्डन ग्लोब अवार्ड्स 2025 में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक (मोशन पिक्चर श्रेणी) के लिए नामित किया गया है। ये फिल्म प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह में इसे सर्वश्रेष्ठ मोशन पिक्चर नॉन इंग्लिश कैटेगरी में भी नामांकित किया गया है।

## पायल कपाड़िया ने कही ये बात

पायल कपाड़िया ने कहा, मैं इस नामांकन से बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं और इस मान्यता के लिए ।।स्त्रक्क की आभारी हूं। यह उन सभी का जश्न है जिन्होंने इस फिल्म पर इतनी लगन से काम किया है। भारत में सभी के लिए, ऑल वी इमेजिन एज लाइट अभी भी सिनेमाघरों में है - कृपया इसे देखें और हमारा समर्थन करें।

## राजकुमार राव ने भी दी बधाई

बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव ने भी फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया को इस नामांकन की बधाई दी है। उन्होंने लिखा, बधाई हो... यह बहुत बढ़िया है। बहुत-बहुत शुभकामनाएं। आपके लिए प्रार्थना करता हूं। वहीं, आलिया भट्ट ने भी पायल कपाड़िया को बधाई दी और कहा कि इतिहास बस आपका ही है।

## फिल्म को मिला कान्स में ग्रैंड प्रिक्स

ऑल वी इमेजिन एज लाइट फिल्म को दुनियाभर में लोगों ने सराहा है। इस फिल्म को इंटरनेशनल लेवल पर लोगों ने बहुत पसंद किया है। फिल्म भारत में 22 नवंबर को भारत में सिनेमाघरों में रिलीज हुई ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट ने पहले अंतरराष्टीय स्तर पर प्रशंसा हासिल की थी। यह फिल्म कान्स 2024 में प्रतिष्ठित ग्रैंड प्रिक्स जीतने वाली पहली भारतीय फिल्म बन गई।




# पहली फिल्म की असफलता ने तोड़ा श्रद्धा का दिल, इंडस्ट्री में नहीं दिया किसी ने काम

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने हाल ही में रिलीज हुई अपनी हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' का आनंद उठाया। यह फिल्म साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक बन गई। इस बीच श्रद्धा ने 2010 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'तीन पत्ती' की असफलता के बारे में खुलकर बात की और बताया कि कैसे फिल्म की असफलता ने उनका दिल तोड़ दिया था, क्योंकि उन्होंने इसके असफल होने की उम्मीद नहीं थी। श्रद्धा कपूर ने बताया कि फिल्म की असफलता के बाद उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। रिपोर्ट्स के मुताबिक जीक्यू इंडिया से बात करते हुए कहा कि लोगों को उन्हें कास्ट करने के लिए मनाना बहुत मुश्किल था, जब तक कि आदित्य रॉय कपूर के साथ आशिकी 2 नहीं आई, एक ऐसी फिल्म जिसने उन्हें बहुत शोहरत दिलाई। अभिनेत्री ने कहा कि आशिकी 2 के बाद और उससे पहले, वह कठिन दौर से गुजर रही थीं।

## पिता ने नहीं की मदद

श्रद्धा ने आगे कहा, इंडस्ट्री से होने के बावजूद, मेरे पिता मुझे काम दिलाने के लिए कोई कॉल नहीं कर रहे थे। उन्होंने (शक्ति कपूर) कहा, मैंने खुद को अपने दम पर बनाया है, तुम्हें भी यह करना होगा। अपनी लड़ाई का सामना करो। मुझ पर निर्भर मत रहो। इससे मुझे बहुत ही अस्वीकृति और असफलता का अनुभव हुआ। 'आशिकी' होने तक लोगों को मुझे कास्ट करने के लिए मनाना बहुत मुश्किल था।



# खुद को पति के रूप में राजकुमार राव ने दी इतनी रेटिंग, बोले- हमेशा सुधार की गुंजाइश रहती है

बॉलीवुड के पावर कपल राजकुमार राव और पत्रलेखा एक दूसरे के प्रति अपने प्यार का इजहार अक्सर करते हैं। दोनों की मीडिया हाउस से बातचीत में राजकुमार राव ने बताया कि वे पति के तौर पर 10 में से 9 ही नंबर ले सकते हैं। राजकुमार राव ने कहा, मैं खुद को एक पति के तौर पर नौ नंबर दूंगा। वाह, यह बिल्कुल भी बुरा नहीं है, है ना? मैं दस कहने वाला था, लेकिन फिर मैंने सोचा कि कुछ तो गड़बड़ होगी मुझमें। सुधार की हमेशा गुंजाइश रहती है।

## एक दूसरे के सबसे बड़े आलोचक हैं

इस बातचीत में राजकुमार राव ने बताया कि वे और पत्रलेखा एक दूसरे का समर्थन करते हैं लेकिन वे एक दूसरे के सबसे बड़े आलोचक भी हैं। वे अक्सर उनके काम की पहली दर्शक रही हैं। पत्रलेखा जिस काम की तारीफ करती हैं, उसे वाकई सम्मान मिलता है। उन्होंने पत्रलेखा के लिए कहा कि वे मेरे काम को समझती हैं मेरे लिए ये भी बहुत बड़ी बात है।

## राजकुमार राव ने की पत्रलेखा की तारीफ

राजकुमार राव ने आईसी 814 में पत्रलेखा के अभिनय की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ये सीरीज उनके लिए एक अध्ययन के तौर पर खास रहा। बता दें राजकुमार राव और पत्रलेखा ने 2010 में अपने रिश्ते की शुरुआत की और 15 नवंबर, 2024 को चंडीगढ़ में एक अंतरंग समारोह में शादी कर ली।

## इस साल दिखाया अभिनय का जादू

वर्कफ्रंट की बात करें तो राजकुमार राव को हाल ही में विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में नजर आए थे। इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों की खास प्रतिक्रिया नहीं मिली। वहीं, राजकुमार राव ने इस साल स्त्री 2 के जरिए भी काफी सुर्खियां बटोरीं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी हिट रही।



# रामायण के लिए शाकाहारी बनने की अफवाहों का साई पल्लवी ने किया खंडन

साउथ फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत और मुखर अभिनेत्री साई पल्लवी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर रामायण के लिए शाकाहारी बनने की अफवाहों का खंडन किया। अभिनेत्री ने अफवाहों को मनगढ़ंत करार देते हुए कानूनी कार्रवाई की भी चेतावनी दी। अफवाहों को लेकर गुस्से में आई अभिनेत्री साई पल्लवी ने आधिकारिक एक्स हैंडल पर अपनी एक तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, अधिकांश समय, लगभग हर बार, जब भी मैं निराधार अफवाहों या मनगढ़ंत झूठ, गलत बयानों को मकसद या बेमकसद फैलते देखती हूं (भगवान जाने) तो मैं चुप रहना ज्यादा पसंद करती हूं और ऐसे मौकों पर कुछ नहीं बोलती। मैं खास तौर पर फिल्मों की रिलीज, घोषणा या मेरे करियर के यादगार पलों के समय किसी तरह की अफवाहों पर आमतौर पर चुप ही रहती हूं। (ऐसा हर बार नहीं होगा) अगली बार जब मैं किसी पेज, मीडिया या व्यक्ति को समाचार या गपशप के नाम पर कोई मनगढ़ंत घटिया कहानी चलाते हुए देखूंगी तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करूंगी। कानूनी कार्रवाई करूंगी! बस!

साउथ फिल्म इंडस्ट्री की सफल अभिनेत्री साई पल्लवी जल्द ही नितेश तिवारी के निर्देशन में तैयार रामायण में माता सीता की भूमिका में नजर आएंगी। 'रामायण' में माता सीता की भूमिका निभा रहीं साई पल्लवी के साथ रणबीर कपूर राम की भूमिका में तो 'केजीएफ' स्टार यश लंकापति रावण की भूमिका में और लारा दत्ता कैकेयी की और सनी देओल वीर हनुमान की भूमिका में नजर आएंगे। साई पल्लवी अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। हाल ही में अभिनेत्री का एक पुराना वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें अभिनेत्री भारतीय सेना को लेकर विवादित बयान देती नजर आई थीं। वायरल वीडियो में अभिनेत्री कहते नजर आई थीं, पाकिस्तान में लोग सोचते हैं हमारी सेना एक आतंकवादी समूह है, लेकिन हमारे लिए उनकी सेना ऐसी है। इसलिए, नजरिया बदल जाता है।





# सुजॉय घोष ने की पुष्पा 2 की तारीफ

अल्लू अर्जुन की साल की बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2- द रूल बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। फिल्म को दर्शकों से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली और इसने पहले ही दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म समीक्षकों, दर्शकों और कई मशहूर हस्तियों से भी प्रशंसा अर्जित कर रही है। हाल ही में, फिल्म निर्माता सुजॉय घोष ने भी फिल्म की अपनी समीक्षा साझा की और अल्लू अर्जुन को महानतम जादूगर कहा। वहीं, इस पर अल्लू अर्जुन ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है और लोगों का खासा ध्यान आकर्षित किया है।

## सुजॉय घोष ने की पुष्पा की समीक्षा

सुजॉय घोष ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पुष्पा 2- द रूल की अपनी समीक्षा साझा की। बदला, कहानी और जाने जां जैसी फिल्मों के लिए जाने जाने वाले फिल्म निर्माता ने कहा, मैंने सुकुमार की फिल्म पुष्पा 2 देखी। क्या खूबसूरती से तैयार किया गया मैजिक शो और हर डिपार्टमेंट में बेहतरीन डिटेलिंग। मन चकित रह गया। देखने में बहुत मजा आया और सबसे महान जादूगर अल्लू अर्जुन ने मुझे सम्मोहित कर लिया।

## अल्लू अर्जुन ने जताया आभार

इसके बाद अल्लू अर्जुन ने फिल्म निर्माता का आभार व्यक्त किया और जवाब दिया, सुजॉय जी, बहुत-बहुत धन्यवाद। खुशी है कि आपको फिल्म और मेरा काम पसंद आया। आपके प्यार से अभिभूत हूं। धन्यवाद। सुजॉय घोष ने फिल्म की तारीफ की है और अल्लू अर्जुन उनका आभार व्यक्त करते नजर आए हैं। वहीं, सुजॉय और अल्लू की पोस्ट पर नेटिजन्स भी दिल खोलकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। नेटिजन्स ने सुजॉय घोष द्वारा अल्लू अर्जुन और पुष्पा 2 की प्रशंसा करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और उनसे शाहरुख खान के साथ ऐसा ही सिनेमा बनाने का अनुरोध किया। एक एक्स यूजर ने लिखा, एसआरके की विशाल प्रस्तुति के साथ-साथ किंग को भी पूरी तरह तैयार करें। दूसरे ने लिखा, अपनी खुद की विशिष्टता के साथ किंग बनाएं और उन सभी को आश्चर्यचकित करें जो किंग-द मूवी को कम आंक रहे हैं।

## किंग में नजर आएंगे शाहरुख-सुहाना


एक अन्य एक्स यूजर ने टिप्पणी की, सुजॉय दादा हम और अधिक खूबसूरती से तैयार किया गया जादू शो चाहते हैं। बता दें, सुजॉय घोष एक एक्शन ड्रामा किंग का निर्देशन करने जा रहे हैं, जिसमें शाहरुख खान और उनकी बेटी सुहाना खान मुख्य भूमिका में हैं। चर्चा है कि फिल्म में अभिषेक बच्चन खलनायक की भूमिका निभा सकते हैं। किंग के बारे में बात करते हुए, शाहरुख ने एक इंटरव्यू में कहा, यह दिलचस्प होगा। मैं कुछ समय से ऐसी फिल्म करना चाहता था, और मैं वास्तव में सात, आठ साल से ऐसी फिल्म करना चाहता था। हमने बस महसूस किया सुजॉय सही विकल्प होंगे, क्योंकि हम चाहते थे कि यह भावनात्मक रूप से बहुत सही हो। हम सभी एक अच्छी, व्यापक, एक्शन, भावनात्मक फिल्म बनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं।

# लोकेश कनगराज के एलसीयू में हुई माधवन की एंट्री

राघव लॉरेंस अपनी शानदार अदाकारी के लिए मशहूर हैं। वह आगामी फिल्म बेंज में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे, जिसका निर्देशन बक्कियाराज कन्नन करेंगे। फिल्म की पटकथा लोकेश कनगराज लिख रहे हैं। यह फिल्म लोकेश कनगराज के सिनेमैटिक यूनिवर्स (एलसीयू) का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनने जा रही है।

## एलसीयू में हुई माधवन की एंट्री

रिपोर्ट के अनुसार राघव लॉरेंस की इस फिल्म में अब आर माधवन की विलेन की के रूप में एंट्री हो गई है। माधवन के एलसीयू में प्रवेश ने दर्शकों के साथ फिल्म इंडस्ट्री में काफी उत्साह पैदा कर दिया है। माधवन ने आखिरी बार मणिरत्नम की फिल्म आयुथा एझुथु (2004) में और 2024 में हिंदी फिल्म शैतान में भी वह नकारात्मक भूमिका में नजर आए थे। फिल्म बेंज की शूटिंग जल्द शुरू होगी। इसमें संगीत देने के लिए हाल ही में उभरते हुए संगीतकार साई अभ्यंकर को साइन किया गया है। राघव लॉरेंस की आगामी फिल्में, जैसे काला भैरव और बुलेट ने भी काफी हलचल मचाई है। 2025 में इन फिल्मों की रिलीज को लेकर फैंस में खासा उत्साह है।



# प्रभारी मंत्री ने अस्पताल, स्कूल और गौशाला में परखी व्यवस्थाएं





**गौतमबुद्धनगर (सूवि.)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों पर प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों व योजनाओं का सभी पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से गौतमबुद्धनगर के प्रभारी मंत्री, राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग मंत्री बृजेश सिंह ने जनपद भ्रमण के दौरान जिला अस्पताल, स्कूल और गौशालाओं में व्यवस्थाओं को परखा तथा अधिकारियों को निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने सबसे पहले जिला चिकित्सालय सेक्टर-39 नोएडा में स्थापित पोषण पुनर्वास केन्द्र का फीता काटकर शुभारम्भ किया। उन्होंने जिला चिकित्सालय में एनआरसी सेंटर, डायलिस, आयुष्मान भारत काउंटर, फिजियोथेरेपी, ब्लड बैंक, तम्बाकु उन्मूलन, दवाई वितरण, पंजीकरण ओ0पी0डी0 आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा प्रदेश वासियों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न स्वास्थ्य संबंधित कार्यक्रम एवं योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका जिला चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को भरपूर लाभ दिया जाए, कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहें।

मंत्री ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए की अस्पताल परिसर में सभी मूलभूत सुविधाएं एवं साफ सफाई मानकों के अनुरूप बनी रहे। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए की सभी चिकित्सकगण चिकित्सालय में समय से उपस्थित हों। प्रभारी मंत्री के निरीक्षण के दौरान डीएम मनीष कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक रेनू अग्रवाल, तहसीलदार जेवर विवेक भदौरिया तथा अन्य संबंधित अधिकारीकरण उपस्थित रहे।

प्रभारी मंत्री ने इसके बाद कम्पोजिट विद्यालय छलैरा सेक्टर-37 नोएडा पहुंचे, जहां पर उन्होंने कम्पोजिट विद्यालय छलैरा में स्थापित इनोवेशन हब एवं डिजीटल शाला का फीता काटकर शुभारम्भ किया। उन्होंने इस अवसर पर स्मार्ट क्लास में अध्यनरत छात्र-छात्राओं से आधुनिक शिक्षा के सम्बन्ध वार्ता करते हुये भूरी-भूरी प्रशंसा की। यहां मंत्री एवं जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में बच्चों को परोसे जा रहे मिड डे मील भोजन को खाकर उसकी गुणवत्त को परखा गया।

गौतमबुद्धनगर के प्रभारी मंत्री ने कम्पोजिट विद्यालय छलेरा का स्थलीय निरीक्षण करने के उपरांत आंगनबाडी केन्द्र हाजीपुर सैक्टर 104 नोएडा बिसरख का निरीक्षण करते हुये आंगनबाडी केन्द्र में उपस्थित बच्चों से वार्ता की और वहां पर मिलने वाली सुविधाओं एवं शिक्षा की गुणवत्ता को बहुत ही गहनता के साथ परखा। इस अवसर पर मंत्री ने आंगनबाडी केन्द्र के बच्चों गौरव व जोया का जन्मदिवस मनाया एवं उनको शुभकामनायें दीं। साथ ही मंत्री ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई भी करायी। जनपद भ्रमण के दौरान मंत्री द्वारा गौशाला जलपुरा का भी निरीक्षण किया गया। यहां मंत्री ने गौशाला में पहुंचकर बड़े ही स्नेह से गोवंश को दुलारा और अपने हाथों से गुड़ खिलाया।

## नोएडा पब्लिक लाइब्रेरी में असीमित हाई-स्पीड इंटरनेट सुविधा शुरू



**नोएडा (चेतना मंच)।** दिल्ली ओखला सिटी रोटरी क्लब ने नोएडा लोक मंच द्वारा संचालित नोएडा पब्लिक लाइब्रेरी में असीमित हाई-स्पीड इंटरनेट सुविधा प्रदान करने के लिए पहल की है। यह लाइब्रेरी 1,000 से अधिक छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन है, जो PSC, NDA, CDS, SSC, CA, CS, NEET, JEE, CAT, बैंक पीओ, रेलवे भर्ती, CLAT और राज्य सिविल सेवा जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। अब यह लाइब्रेरी अत्याधुनिक कनेक्टिविटी से लैस है, जो छात्रों को ऑनलाइन संसाधनों और सीखने के अवसरों तक बेहतर पहुंच प्रदान करेगी।

इस परिवर्तनकारी परियोजना को रोटरी क्लब के समर्पित सदस्य परितोष यादव के माध्यम से उनकी कंपनी कॉस्टेल नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संभव बनाया गया है। इस पहल में रोटरी क्लब के अन्य प्रतिष्ठित सदस्य दीपक छाबड़ा, संजय बत्रा का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

परियोजना के महत्व को रेखांकित करते हुए, रोटरी क्लब के अध्यक्ष कुशाग्र अवस्थी ने कहा कि लाइब्रेरी में इंटरनेट की सुविधा की कमी इन होनहार छात्रों के लिए एक बड़ी बाधा थी, जो अपने सपनों को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं।

इस मौके पर नोएडा लोक मंच के महासचिव महेश सक्सेना ने कहा कि इस सुविधा से प्रतियोगी छात्रों को काफी सुविधा मिलेगी।

## लीफी बस कंपनी ने खरीदी पहली ईवी बस

### 6.20 लाख की सब्सिडी व परमिट व टैक्स फ्री: डा. सियाराम वर्मा

**नोएडा (चेतना मंच)।** जनपद गौतमबुद्धनगर में लीफी बस कंपनी ने पहली



इलेक्ट्रिक बस खरीदी है। यह बस नोएडा से दिल्ली-गाजियाबाद-हरिद्वार होकर देहरादून तक जाएगी। यह जानकारी एआरटीओ (प्रशासन) डा. सियाराम वर्मा ने दी है।

उन्होंने बताया कि लीफी बस कंपनी के निदेशक रोहन, अमिनेश व विशाल ने भरोसा जताया कि वे इस क्षेत्र में 10 नई ईवी बसें चलाएंगे। यह बस एक चार्जिंग पर 325 किलोमीटर चलेगी।

डा. वर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार प्रत्येक ईवी बस पर 6.20 लाख की सब्सिडी दे रही है। छोटी एलएमवी पर 1 लाख की छूट मिल रही है। इसके अलावा परमिट तथा टैक्स फ्री है। बिना परमिट व टैक्स के बस कहीं भी चलाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व एनटीपीसी ने अपने कर्मचारियों के लिए ईवी बस खरीदी थी। बता दें कि लीफी बस कंपनी बस टीएम कंपनी की मदर कंपनी है जो 150 बसें चला रही है।

## ग्रेटर नोएडा व ग्रेनो वेस्ट में 8 जगहों पर बनाए रैन बसेरा






**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** कड़ाके की सर्दी को देखते हुए गरीब-बेसहारा लोगों को रात गुजारने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से 8 जगहों पर रैन बसेरा बनाए गए हैं। ये रैन बसेरा सेक्टर पी थ्री के बरातघर, सेक्टर-ईकोटेक- 3 (नाइट शेल्टर), परी चौक पिंक ट्वायलेट के पास (2 कैनोपी बेस, डेल्टा टू के बरातघर, रोजा याकूबपुर बारात घर, ग्राम हल्दौनी (बारात घर) और जिम्स में बने हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रेटर नोएडा व ग्रेटर नोएडा वेस्ट में अलग-अलग जगहों पर रैन बसेरा बनाने के निर्देश दिए हैं, जिसके चलते परियोजना विभाग ने ये रैन बसेरा सेक्टर पी थ्री के बरातघर, सेक्टर-ईकोटेक- 3 (नाइट शेल्टर), परी चौक पिंक ट्वायलेट के पास (2 कैनोपी बेस, डेल्टा टू के बरातघर, रोजा याकूबपुर बारात घर, ग्राम हल्दौनी (बारात घर) और जिम्स के पास रैन बसेरा बनवा दिए हैं। इन रैन बसेरा में 15 से 25 बिस्तर लगाए गए हैं। इनमें रात गुजारने वालों से किसी तरह का शुल्क नहीं लिया जाएगा। प्राधिकरण के महाप्रबंधक एके सिंह ने बृहस्पतिवार रात में इन रेन बसेरा का जायजा भी लिया। महाप्रबंधक ने कहा है कि जरूरत पड़ने पर इन रैन बसेरा में और भी बिस्तर लगा दिए जाएंगे। अगर जरूरत पड़ी तो और जगहों पर भी रैन बसेरा बनाये जा सकते हैं। उन्होंने अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कोई भी गरीब या असहाय व्यक्ति मिले तो उसे रैन बसेरों में जरूर पहुंचा दें। प्राधिकरण के प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक एपी वर्मा के मोबाइल नंबर 9205691276 पर भी इसकी सूचना दे सकते हैं। प्राधिकरण की टीम रैन बसेरा तक पहुंचाने में मदद करेगी।

## बुजुर्गों के बनाये पीएम जन आरोग्य योजना के कार्ड

**नोएडा (चेतना मंच)।** जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में वाईएसएस फाउंडेशन ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) के तहत आयुष्मान हेल्थ कनेक्ट 70+ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह कार्यक्रम पारस तिरिया, सेक्टर-137, गौतमबुद्धनगर में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाया। आयोजन को सफल बनाने में सोसायटी अध्यक्ष विक्रांत महाजन और वाई एस एस फाउंडेशन के योगदान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नागरिकों को योजना के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और उन्हें आयुष्मान कार्ड बनवाने में सहायता प्रदान की गई।

कार्यक्रम में वाईएसएस फाउंडेशन की ओर से कार्यक्रम संयोजक मनीष गुप्ता, आयुष्मान विशेषज्ञ अनिल कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष अमित कपिला और वैभव तिवारी, अक्षत खंडेलवाल, पंकज मिश्रा, आदर्श यादव, तोषनी, वाणी मेंहदीरत्ता, अनन्या, कनिका मनकोटिया और सोसायटी के महासचिव धीरज सिंह सहित कई अन्य युवा और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वाईएसएस फाउंडेशन के संयोजक अक्षत खंडेलवाल ने बताया कि यह प्रयास सामाजिक स्वास्थ्य सुरक्षा को मजबूत करने और समाज के वंचित वर्गों तक सरकारी योजनाओं के लाभ सुलभ कराने की दिशा में एक सार्थक कदम है।

SAHARA BUILDER & PROPERTIES™
ISO 9001:2008
PROPERTIES AVAILABLEFORSALE IN GREATER NOIDA

RESIDENTIAL

| S.No | Plot Size | House No./Block | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 300 Sq.mtr | C-291, Sigma - 02 | 92 Lakh | Completion, S/W |
| 2 | 200 Sq.mtr | G-660, Alpha - 02 | 1.25 Cr. | Completion,N/E & 18 MTR Road |
| 3 | 60 Sq.mtr | G-439, Gamma - 02 | 52 Lakh | Single Story, Corner(18X12),N/E |
| 4 | 1265 Sq.ft | Silver City - 02, Pl-1 | 55 Lakh | 2+1 BHK Apartment |
| 5 | 29.76 Sq.ft | 3TF/Block-60, Sector - 10 | 9 Lakh | 1 BHK, Top Floor |
| 6 | 2450 Sq.ft | Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04 | On Request | 4BHK, Low rise, Lift |
| 7 | 237 Sq.mtr | C-363, Sector - 03(EXTN) | 1.40 Cr. | 50% Completion, Corner, N/ W |
| 8 | 110 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 9 | 131 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 10 | 930 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 14000/Sq.Mtr. | Corner Plot |

COMMERCIAL

| S.No | Shop Size | Complex Address | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.5 Sq.mtr | Block - C, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, Corner, N/E |
| 2 | 463 Sq.ft | NQI Plaza, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, N/E |
| 3 | 19.5 Sq.mtr | Kadamba Shopping Complex, Gamma -01 | 40 Lakh | G.Floor, N/W |
| 4 | 8.15 Sq.mtr | Kiosk, P-3 | 22 Lakh | 24 Mtr Road, N/W |

CONTACT US :+919810441077, +919710441077
Add- Office No. 205, Sunrise Tower, Alpha 1 Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308

